

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 194 | ग्वालियर मंगलवार 21 जुलाई 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8

## अधिक संक्रमण वाले जिलों में अब

# सप्ताह में 2 दिन रहेगा लॉकडाउन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना संक्रमण रोकने के लिए अब प्रदेश के अधिक संक्रमण वाले जिलों में सप्ताह में 2 दिन लगातार पूर्ण लॉकडाउन रहेगा। इस दौरान आवश्यक सेवाएं छोड़कर सभी गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी। लॉकडाउन रविवार को रहेगा ही, दूसरा दिन शनिवार हो या सोमवार, यह जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के निर्णय अनुसार तय किया जाएगा। सभी जिलों में रात्रिकालीन कर्फ्यू रात्रि 8 बजे से प्रातः 5 बजे तक रहेगा।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संक्रमणमुक्त जिलों को छोड़कर अन्य सभी जिलों में राज्य एवं केन्द्र सरकार के सभी कार्यालय 30 प्रतिशत से 50 प्रतिशत क्षमता के साथ संचालित किए जाएंगे, अधिकारी शत-प्रतिशत आएंगे। निजी कार्यालय एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान भी 30 प्रतिशत से 50 प्रतिशत क्षमता में संचालित होंगे। निजी दफ्तर तथा व्यापारिक संस्थानो में कोई कोरोना पॉजीटिव मिलने पर उसे 7 दिन के लिए बंद कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र, चिकित्सा शिक्षा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री श्री विश्वास सारंग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, डीजीपी श्री विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान, अपर मुख्य सचिव गृह श्री एस.एन. मिश्रा आदि उपस्थित थे। समीक्षा में बताया गया कि प्रदेश के 53 गाँवों में कोरोना संक्रमण था, जिनमें से अब 17 गाँवों में संक्रमण बचा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि गाँवों में विशेष सावधानी रखी जाए, जिससे संक्रमण आगे न बढ़े। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि यदि कोई अधिकारी-कर्मचारी मास्क नहीं लगाता है, फिजीकल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करता है अथवा अन्य तरीके से कोरोना गाइड लाइन का उल्लंघन करता है तो उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। जबलपुर में एक शादी समारोह में कुछ शासकीय अधिकारियों द्वारा गाइड लाइन का उल्लंघन किए जाने को मुख्यमंत्री ने अंत्यत गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए कि उनकी सूची उपलब्ध कराई जाए, उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बॉर्डर जिला होने के बावजूद बुरहानपुर ने कोरोना संक्रमण रोकने में जो कार्य किया है वह सराहनीय है। अन्य सभी जिले, विशेष रूप से अन्य राज्यों के सीमावर्ती जिले, बुरहानपुर मॉडल को अपनाएं। बुरहानपुर ने दूसरे राज्य से तथा संक्रमित क्षेत्रों से आने वाले व्यक्तियों की मॉनीटरिंग का अच्छा सिस्टम बनाया और उन्हें उनके घरों में 14 दिन तक क्वारेंटाइन किया। इससे संक्रमण रोकने में काफी मदद मिली। कोरोना संक्रमण की समीक्षा में पाया गया कि भोपाल सहित अन्य जिलों में जहाँ संक्रमण बढ़ा है, उसका एक प्रमुख कारण लोगों का आपस में मेल-मिलाप है। इसके लिए लोगों को जागरूक करना होगा कि अनावश्यक मेल-मिलाप न हो तथा मिलते समय फिजीकल डिस्टेंसिंग का पूरा पालन किया जाए। कहीं भी अधिक संख्या में लोग इकट्ठे न हों। मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने सुझाव दिया कि हर गांव में आशा कार्यकर्ता को पल्स ऑक्सीमीटर व टैम्प्रेचर गन उपलब्ध करवाए जाएं, जिससे कोरोना मरीजों की जल्दी पहचान आसान हो सके। उन्होंने फीवर क्लीनिक को अधिक प्रभावी बनाए जाने की भी बात कही।

### ग्वालियर एवं मुरैना में लॉकडाउन से मिला लाभ

ग्वालियर एवं मुरैना जिले की समीक्षा में पाया गया कि वहाँ लॉकडाउन से कोरोना संक्रमण में कमी आई है। ग्वालियर में गत दिनों 15 प्रतिशत तक पॉजिटिविटी पहुंच गई थी, जो कि अभी किए गए लॉकडाउन के बाद 7 प्रतिशत रह गई है। मुरैना में लॉकडाउन से पॉजिटिविटी दर 1.6 प्रतिशत रह गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि जिला क्राइसिस समूह की बैठक कर आगे के लॉकडाउन पर विचार किया जाए। लॉकडाउन धीरे-धीरे खोला जाए।

### मुख्यमंत्री चौहान ने ग्वालियर पहुँचकर केन्द्रीय मंत्री तोमर के छोटे भाई के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की



**ग्वालियर ।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आज ग्वालियर में केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के आवास पर पहुँचे और उनके छोटे भाई के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर के अनुज स्व. अजय प्रताप सिंह तोमर (मुन्नू भैया) के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए कामना की और शोक संतृप्त परिवार को यह घोर दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की। सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री बी डी शर्मा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भुपेन्द्र सिंह, संगठन महामंत्री श्री सुहास भगत एवं भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री लोकेन्द्र पाराशर भोपाल से मुख्यमंत्री के साथ स्व. अजय प्रताप सिंह तोमर को श्रद्धांजलि अर्पित करने आए थे। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भी केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर के आवास पर पहुँचकर श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री अनूप मिश्रा व श्री रूस्तम सिंह, पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल, साडा के पूर्व अध्यक्ष श्री जयसिंह कुशवाह व श्री राकेश सिंह जादौन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## एमपी में सितम्बर के अंत तक होंगे उप चुनाव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में उपचुनाव को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में उप चुनाव समय पर होंगे और सितंबर के अंत तक इन्हें करा लिया जाएगा। चुनाव की तारीख की घोषणा जल्द ही हो सकती है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में 26 सीटों पर उप चुनाव होना है, जिसके लिए सभी राजनीतिक दलों ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। कोरोना वायरस संक्रमण को देखते हुए पहले उप चुनाव कुछ समय के लिए टलने की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन अब मुख्य चुनाव आयुक्त बयान से यह साफ हो गया है कि मध्य प्रदेश में तय समय पर ही चुनाव होंगे। सितंबर के अंत तक ये पूरे हो जाएंगे। हालांकि चुनाव आयोग इस बार कोरोना को लेकर बहुत अहतियात बरतेगा। माना जा रहा है कि वोटर्स की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ज्यादा पोलिंग बूथ बनाए जाएंगे। इसके साथ ही इनमें शारीरिक दूरी के साथ कोरोना को लेकर जारी किए गए सभी नियमों का पालन कराया जाएगा मध्य प्रदेश में खाली हुई 26 सीटों में से दो जौरा और आगर सीट विधायकों के निधन के बाद रिक्त हो गई थी। वहीं 24 सीटों पर से कांग्रेस विधायकों ने अपना इस्तीफा दिया है। इनके इस्तीफे के बाद कांग्रेस की कमल नाथ की सरकार गिर गई थी और इसके बाद भाजपा की ओर से सरकार बनाने का दावा पेश किया गया और शिवराज सिंह चौहान सीएम बने।



**बाबरी विध्वंस मामला**

## आडवाणी का बयान 24 जुलाई को और जोशी का 23 जुलाई को होगा दर्ज



**लखनऊ।** बाबरी मस्जिद ढहाये जाने के मामले की सुनवाई कर रही सीबीआई की विशेष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी का सीआरपीसी की धारा-313 के तहत बयान दर्ज करने की तारीख 24 जुलाई तय की है। आडवाणी का बयान वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए दर्ज किया जाएगा। विशेष न्यायाधीश एस के यादव ने अपने आदेश में भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी के बयान दर्ज करने की तारीख भी 23 जुलाई तय की है। अदालत ने सतीश प्रधान के बयान दर्ज करने की तारीख 22 जुलाई निर्धारित की है।

**राजस्थान सियासी संकट**

## गहलोत ने सचिन पायलट को बताया निकम्मा और नकारा



**जयपुर।** राजस्थान में जारी सियासी उठापटक के बीच एक बार फिर से सोमवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सचिन पायलट पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने पायलट पर सरकार गिराने की साजिश में शामिल होने का गंभीर आरोप लगाया। इसके साथ ही गहलोत ने सचिन पायलट को निकम्मा और नकारा बताया। गहलोत ने कहा एक छोटी खबर भी नहीं पढ़ी होगी किसी ने कि पायलट साहब को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के पद से हटाना चाहिए। हम जानते थे कि वो सचिन पायलट निकम्मा है, नकारा है, कुछ काम नहीं कर रहा है खाली लोगों को लड़वा रहा है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा वह सचिन पायलट पिछले छह महीने से बीजेपी के समर्थन से सरकार को गिराने की साजिश रच रहे थे। जब भी मैं कहता था कि वह सरकार को अस्थिर करने में लगे हुए हैं, तब मेरी बात पर कोई विश्वास नहीं कर रहा था। गहलोत ने आगे कहा, %किसी को नहीं पता था कि इतनी मासूम शक्ल वाला शख्स ऐसा करेगा। मैं यहां सब्जी बेचने के लिए नहीं आया हूं। मैं मुख्यमंत्री हूं।% बता दें कि पिछले कुछ समय से अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच में गतिरोध चल रहा है। कांग्रेस विधायक दल की बैठक में शामिल नहीं होने के बाद कांग्रेस ने सचिन पायलट और उनके करीबी दो मंत्रियों को पद से हटा दिया था।

### पायलट खेमे के विधायकों की याचिका पर आज भी सुनवाई

**जयपुर।** कांग्रेस के बागी नेता सचिन पायलट और 18 अन्य विधायकों की याचिका पर राजस्थान हाईकोर्ट में कल मंगलवार 21 जुलाई की सुबह 10।30 बजे फिर सुनवाई होगी। सचिन पायलट व 18 अन्य विधायकों की विधानसभा अध्यक्ष के नोटिस को चुनौती देने वाली याचिका पर राजस्थान उच्च न्यायालय में आज सोमवार 20 जुलाई को दिन भर सुनवाई हुई। मामले से अलग वकीलों को अदालत के बाहर रहने को कहा गया। कोर्ट रूम में सिर्फ मामले से संबंधित वकीलों को बैठने दिया गया है, अन्य वकीलों को जानें नहीं दिया गया। ऐसे में अन्य वकील हंगामा करते रहे। अदालत के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे।

**वोडाफोन-आइडिया को**

## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार, कहा- सीधे जेल भेज सकते है



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आज समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय न्यायाधीश की बेंच ने वोडाफोन आइडिया के वकील मुकुल रोहतगी से पूछा कि अगर आप कई दशकों से घाटे में चल रहे हैं, तो हम आप पर कैसे भरोसा कर सकते हैं? आप एजीआर बकाया का भुगतान कैसे सुनिश्चित करेंगे? सुप्रीम कोर्ट ने टेलीकॉम कंपनियों पर बकाया राशि के मामले में अगली सुनवाई की तारीख 10 अगस्त तय की है।

**आईसीसी की बैठक में निर्णय**

## टी-20 वर्ल्ड कप स्थगित




**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस की वजह से इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने इस साल ऑस्ट्रेलिया में अक्टूबर में होने वाले ट्वेंटी-ट्वेंटी वर्ल्ड कप को टालने का फैसला किया है. अब वर्ल्ड कप का आयोजन अगले साल अक्टूबर नवंबर में होगा. सोमवार को हुई आईसीसी की बोर्ड मीटिंग में वर्ल्ड कप को टालने का फैसला लिया गया. वर्ल्ड कप के रद्द होने के साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सीजन के आयोजन के लिए रास्ता साफ हो गया है. बीसीसीआई सितंबर के आखिरी हफ्ते में आईपीएल 13 का आयोजन कर सकती है. पिछले दो महीने से ही वर्ल्ड कप का आयोजन इस साल नहीं होने के कयास लगाए जा रहे थे. वर्ल्ड कप की मेजबानी का अधिकार रखने वाले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में संकेत दिए थे कि वह आयोजन के लिए तैयार नहीं है. पिछले कुछ दिनों में ऑस्ट्रेलिया में कोरोना वायरस के मामलों में तेजी देखने को मिली है. इसके अलावा सितंबर के अंत तक ऑस्ट्रेलिया ने अपने बॉर्डर भी सील कर रखे हैं वर्ल्ड कप के रद्द होने की वजह से बीसीसीआई के लिए आईपीएल के आयोजन का रास्ता साफ हो गया है. बीसीसीआई पहले ही सितंबर से नवंबर के बीच आईपीएल के आयोजन की तैयारी कर रहा था. हालांकि वर्ल्ड कप पर आधिकारिक एलान नहीं होने की वजह से बीसीसीआई ने आईपीएल का नया शेड्यूल अब तक जारी नहीं किया.

## मध्य प्रदेश में खाद की कालाबाजारी पर लगेगा रासुका, कृषि मंत्री ने की घोषणा



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में अब खाद की कालाबाजारी करने वाले व्यापारियों पर रासुका के तहत कार्यवाही जाएगी. प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल ने ये ऐलान किया है. खाद और बीज को लेकर मध्य प्रदेश में किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ शिवराज सरकार सख्त हो गई है. कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वाले 40 मामलों में अब तक कार्यवाही की जा चुकी है. अब यह हिदायत जारी की जा रही है कि अगर खाद को लेकर किसानों से किसी तरीके की धोखाधड़ी पाई जाती है, तो फिर आरोपियों के खिलाफ रासुका के तहत कार्यवाही की जाएगी. इससे एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी खाद की कालाबाजारी को लेकर सख्त निर्देश जारी किए थे. सरकार ने खाद के भंडारण, परिवहन और बिक्री पर सख्ती से निगरानी करने के निर्देश दिए हैं.

ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

**विकास दुबे मामला पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा**

## अधिक खून बहने से हुई मौत



**कानपुर।** यूपी के कानपुर के दुर्दांत अपराधी विकास दुबे की मौत अत्यधिक खून बहने की वजह से हुई। विकास दुबे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सोमवार को सार्वजनिक हुई इसमें अस बात की पुष्टि की गई है कि कुख्यात अपराधी को तीन गोलियां लगी थीं और तीनों ही गोलियां उसके शरीर के आर-पार हो गयीं थीं। विकास कानपुर के निकट पुलिस की गोली से मारा गया था। विकास के शव का पोस्टमार्टम तीन डाक्टरों की टीम ने किया और पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग करायी गयी। एक अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक विकास के शरीर में कुल दस जख्म पाये गये। अधिकारी ने बताया कि छह जख्म गोलियों के शरीर से आरपार होने के हैं जबकि अन्य चार जख्म शरीर के दाहिने हिस्से में हैं जो गोली लगने के बाद विकास के गिरने से हुए। उन्होंने बताया कि पहली गोली उसके दाहिने कंधे पर लगी जबकि बाकी दो गोलियां उसके सीने पर बांये ओर लगी हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि विकास की मौत अत्यधिक खून बहने के कारण हुई। रिपोर्ट के मुताबिक शरीर के दाहिने हिस्से में सिर, कोहनी, पसली और पेट में जख्म के साथ हल्की सूजन पायी गयी।

### एससी की यूपी सरकार को फटकार

नई दिल्ली. यूपी के कुख्यात गैंगस्टर विकास दुबे के एनकाउंटर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से सवाल किया है कि हम इस बात से हैरान हैं कि इतने मामलों में वांछित अपराधी जमानत पर कैसे रिहा हो गया और आखिरकार उसने इतने बड़े अपराध को अंजाम दे दिया. कोर्ट ने उत्तर प्रदेश की सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि हमें सभी आदेशों की सटीक रिपोर्ट दें क्योंकि यह सिस्टम की विफलता को दर्शाता है.

# कोविड-19 के संक्रमण को रोकना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

## मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्वालियर में अधिकारियों को दिये निर्देश

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंहचौहान ने कहा है कि कोविड-19 के संक्रमण को रोकना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। संक्रमणकी रोकथाम के साथ-साथ आमजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो यह भी सुनिश्चित कियाजाए। आर्थिक गतिविधियाँ निरंतर चलती रहें और कोविड का संक्रमण न फैले इस दिशा में प्रभावीकार्यवाही की जाए।मुख्यमंत्रीश्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को ग्वालियर प्रवास के दौरान विमान तल पर कोरोनासंक्रमण के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस बात का ध्यान रहे कि लॉकडाउन के कारण आमजनों एवंरोज कमा कर खाने वाले छोटे-छोटे व्यवसाइयों को परेशानी न हो। साथ ही आर्थिक गतिविधियाँ भी चलती रहें। उन्होंने संक्रमणकी रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के साथ-साथ आमजनों को जागृत करने के लिए भीविशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्रीश्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए स्वास्थ्यसेवाओं को और बेहतर करने के साथ-साथ भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंनेकहा कि जो लोग कोविड पॉजीटिव पाये जाते है, उनका बेहतर से बेहतर इलाज किया जाए। किसीभी व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव की वजह से परेशानी नहीं आना चाहिए। कलेक्टर श्री कौलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले में कोरोना संक्रमणकी रोकथाम के लिए किये जा रहे प्रयासों के संबंध में जानकारीदी। उन्होंने बताया कि जिले में अस्पतालों के प्रबंधन के लिए ऑनलाईन व्यवस्थाएँ सुनिश्चितकी गई हैं। प्रशासन के पास अब हर अस्पताल की व्यवस्थाएं ऑनलाईन उपलब्ध हैं। उसी के आधारपर कोरोना संक्रमण की रोकथाम और पॉजीटिव पाये गये लोगों के उपचार का प्रबंधन किया जारहा है। बताया गया कि जिले में अब तक कुल 1707 पॉजीटिव प्रकरण पाये गये हैं। जिनमें केवल 753 एक्टिव केस वर्तमान में हैं। 946 मरीज ठीक होकर अपने घर जा चुके हैं। कोरोना केएक्टिव केसों में भी तेजी के साथ सुधार हो रहा है। प्रतिदिन मरीज ठीक होकर अस्पतालोंसे अपने घरों को जा रहे हैं। कलेक्टरने जानकारी दी कि लॉकडाउन के संबंध में भी शीघ्र ही क्राईसेसमैनेजमेंट की बैठक आयोजित कर निर्णय लिया जाएगा। कोरोना के संक्रमण की रोकथाम में कियेजा रहे प्रयासों से आर्थिक गतिविधियाँ न रूके और लोगों को परेशानी न हो यह भी सुनिश्चितकिया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कन्ट्रोलकमांड सेंटर के माध्यम से वीडियो कॉलिंग के द्वारा भी आमजनों को कोरोना संक्रमण केसंबंध में चिकित्सीय सलाह दी जा रही है। इसका लगभग 1500 लोगों ने अब तक लाभ उठाया है।इसके साथ ही किल कोरोना अभियान के तहत भी गठित दलों द्वारा घर घर संपर्क कर पीडितोंको चिन्हित कर उपचार करने की कार्यवाही की गई है। इस दौरान संभागीय आयुक्त श्री एमबी ओझा, आईजी श्री अविनाश शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्रीनवनीत भसीन, सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन एवंविभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# वाटर स्पोर्ट्स के प्रशिक्षण शीघ्र होंगे शुरू



**मंत्री सिंधिया ने की वाटर स्पोर्ट्स खेलों की समीक्षा**

**भोपाल।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने सोमवार को टी.टी. नगर स्टेडियम में वाटर स्पोर्ट्स के प्रशिक्षकों से वन-टू-वन चर्चा की। श्रीमती सिंधिया ने मध्यप्रदेश के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को पूरी सावधानियों के साथ पुनः प्रशिक्षण शुरू करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों को लक्ष्य बनाकर खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण दें। खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों ने वाटर स्पोर्ट्स में पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। कोरोना की वजह से वर्तमान में खिलाड़ी प्रशिक्षण नहीं ले पा रहे हैं। उन्होंने वाटर स्पोर्ट्स के लिये अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक को पुनः नियुक्त करने के निर्देश दिये। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि कोविड-19 के कारण कई देशों में खेल, खिलाड़ी और प्रशिक्षकों पर विपरीत असर हुआ है। हमें समस्याओं को अपनी उपलब्धि बनाने की कोशिश करना है। समीक्षा बैठक में श्रीमती सिंधिया ने प्रशिक्षकों से कोरोना की वजह से वर्तमान में खेलों पर क्या प्रभाव पड़ा है, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों पर क्या असर हुआ है, कोरोना काल में खिलाड़ियों को पूरी सावधानी और सुविधाओं के साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है अथवा नहीं, पिछले वर्ष कितने बच्चों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में शिरकत की, क्या प्राथमिकताएँ रहीं आदि विषयों पर प्रशिक्षकों से वन-टू-वन चर्चा की। चर्चा में संचालक खेल एवं युवा कल्याण श्री पवन जैन, सैलिंग प्रशिक्षक श्री जी.एल. यादव, रोईंग प्रशिक्षक कैप्टन दलवीर सिंह, केनोईंग प्रशिक्षक श्री पीयूष बरोड़े एवं श्री देवेन्द्र गुप्ता उपस्थित थे।

## खादय मंत्री बिसाहूलाल सिंह अनूपपुर प्रवास पर रहेंगे

**भोपाल ।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहू लाल सिंह अनूपपुर प्रवास पर रहेंगे। श्री सिंह 21 जुलाई को दोपहर में अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री सिंह अपने प्रवास के दौरान अनेक विकास कार्यो का भूमि पूजन एवं शिलान्यास करेंगे। श्री सिंह अनूपपुर के ग्राम सिहरी में एक करोड़ 46 लाख की आवर्धन नल-जल योजना का भूमि पूजन करेंगे। इसके अलावा अनुपपुर के अन्य क्षेत्रों में उप स्वास्थ्य केन्द्र, पीसीसी सड़क निर्माण, बस स्टैण्ड पर यात्री प्रतिक्षालय एवं चेक डेम निर्माण कार्यो सहित अनेक विकास कार्यो का भूमि-पूजन करेंगे। खाद्य मंत्री श्री सिंह अपने छः दिवसीय दौरे के पश्चात रविवार 26 जुलाई को शाम 5 बजे भोपाल वापिस आयेंगे।

# पात्र हितग्राहियों को हर हालत में लाभ मिले

## सामाजिक न्याय मंत्री पटेल ने की विभागीय समीक्षा

**भोपाल ।** सामाजिक न्याय मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल ने कहा है कि सामाजिक न्याय वस्तुतः सेवा से जुड़ा विभाग है। विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को हर हालत में मिलना चाहिए। श्री पटेल मंत्रालय में सामाजिक न्याय विभाग की समीक्षा कर रहे थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि 15 अगस्त से प्रारंभ होने वाले नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदेश के हर स्थान पर जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि इस सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने निराश्रितों एवं निर्धन व्यक्तियों को सहायता दिए जाने के मामलों में सतत



निगरानी के साथ-साथ मॉनीटरिंग करने की हिदायत दी। बैठक में प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय श्री प्रतीक हजेला, आयुक्त सामाजिक न्याय श्रीमती रेणु तिवारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## ऊर्जा मंत्री सिंह ने केन्द्रीय मंत्री तोमर के घर पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की



**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर में केन्द्रीय पंचायती राज और किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के घर पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने श्री तोमर के अनुज स्व. अजय प्रताप सिंह तोमर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## जल संसाधन राज्यमंत्री कांवरे के निर्देश पर बालाघाट उपयंत्री निलंबित

**भोपाल ।** जल संसाधन राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कांवरे के निर्देश पर बालाघाट के जल संसाधन उपयंत्री श्री व्ही.के. धुवारे को तत्काल निलंबित कर कार्यालय कार्यपालन यंत्री संभाग बालाघाट से संबद्ध किया गया है। गांगुलपारा मध्यम जलाशय के स्लूस गेटों के संचालन में आ रही कठिनाईयों को दूर करने के लिये बार-बार निर्देश देने के बाद भी वर्षाकाल के पूर्व सुधार कार्य करने में कोई सार्थक प्रयास नहीं किये जाने पर उक्त कार्यवाही की गई है। ज्ञात हो कि 18 जुलाई को राज्यमंत्री श्री कांवरे द्वारा जलाशय का दौरा किया गया, वहां के स्थानीय रहवासियों एवं ग्रामीणों से चर्चा के दौरान अनियमितताओं के बारे में जानकारी मिली। साथ ही अधिकारियों से जवाब तलब करने के बाद कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये थे।

## उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा



**भोपाल।** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षायें ऑनलाइन करवाये जाने पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन परीक्षाओं के लिये विद्यार्थियों को लागइन आईडी जारी की जाये। साथ ही कुछ विद्यार्थियों के माध्यम से परीक्षा का मॉकड्रिल भी करवाया जाये, जिससे ऑनलाइन परीक्षा में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। मंत्रालय में आयोजित विभागीय बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के महाविद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किये जाये। बैठक में अतिथि विद्वानों के संबंध में भी चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री अनुपम राजन ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त श्री मुकेश शुक्ला, ओएसडी डॉ. सुनील सिंह, डॉ. धीरेंद्र शुक्ला शुक्ला, डॉ. प्रगेस अग्रवाल, डॉ. पूर्णिमा लोदवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा देने संकल्पित हों शिक्षक - राज्य मंत्री परमार

## प्री-प्रायमरी कक्षाओं के संचालन पर जोर

**भोपाल ।** स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इंदर सिंह परमार ने शिक्षकों से आव्हान किया है कि वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिये कृत-संकल्पित हों। शिक्षकों पर भावी पीढ़ियों के निर्माण का गुरुतर दायित्व है। श्री परमार सोमवार को मंत्रालय में आयोजित वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्री-प्रायमरी कक्षाओं से शासकीय विद्यालयों का संचालन प्रारंभ किये जाने से हम पालकों को शासकीय विद्यालयों की ओर आकृष्ट कर




सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित किये जा रहे प्री-प्रायमरी स्कूल के लिये विस्तृत कार्य-योजना तैयार की जाये। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री ने शिक्षकों द्वारा पालकों के साथ सार्थक संवाद करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इसके लिये अभिभावक-शिक्षक बैठकों का नियमित अंतराल पर आयोजन किया जाना चाहिये। राज्य मंत्री श्री परमार ने कहा कि जब विद्यार्थी कक्षा-8 उत्तीर्ण कर कक्षा-9 में प्रवेश लेता है, तब सर्वथा नया और भिन्न परिवेश उसके सामने होता है। ऐसे में बच्चों को शिक्षकों के स्नेहयुक्त मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। इस संबंध में कक्षा-9 के विद्यार्थियों के लिये संचालित ब्रिज कोर्स जैसी योजनाएँ सार्थक सिद्ध हो सकती हैं। विद्यार्थियों के हित में इस प्रकार की योजनाओं के लिये पहल की जानी चाहिये। बैठक में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी, आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती जयश्री कियावत, आयुक्त राज्य शिक्षा केन्द्र श्री लोकेश कुमार जाटव, उप सचिव श्री के.के. द्विवेदी एवं श्री प्रमोद सिंह तथा अपर संचालक डॉ. कामना आचार्य और श्री डी.एस. कुशवाहा भी मौजूद थे।

संपादकीए

# मायावती की चाहत

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती अब भाजपा के साथ गठबंधन की चाहत जाहिर करती नजर आ रही हैं। राजनीतिक हलकों में अटकलें हैं कि मायावती की बहुजन समाज पार्टी उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा के साथ गठबंधन कर सकती है। राजस्थान में सियासी उठापटक के लिए मायावती ने फिर से कांग्रेस पर निशाना साधकर फिर से राजनीतिक संकेत दिए हैं। राजस्थान में चल रहे सियासी संकट के बीच अशोक गहलोत सरकार ने एक ऑडियो टेप जारी किया है। इसको लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए एक के बाद एक दो ट्वीट किए। उन्होंने इस ट्वीट के जरिए कांग्रेस को दगाबाज बताया। उन्होंने असंवैधानिक और गैर कानूनी करार देते हुए राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग तक कर डाली। दरअसल, कांग्रेस के प्रति मायावती की भड़ास बेवजह नहीं है। जब राजस्थान में अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली सरकार बनी थी, तब बसपा के 6 विधायक सरकार को बाहर से समर्थन दे रहे थे। कांग्रेस ने बाद में इन विधायकों को अपनी पार्टी में शामिल करा लिया। बसपा के इन विधायकों ने सोनिया गांधी से मिलकर पार्टी की औपचारिक सदस्यता ले ली थी। बसपा का मानना रहा कि कांग्रेस ने लालच और धमकी देकर उसके विधायकों को तोड़ा है। बसपा ने कांग्रेस के इस कदम की आलोचना की थी और पार्टी सुप्रीमो मायावती ने अशोक गहलोत का इस्तीफा तक मांग लिया था। बीएसपी यह मुद्दा लेकर चुनाव आयोग के पास लेकर भी पहुंची थी लेकिन आयोग ने इस मामले में दखलअंदाजी से मना कर दिया था। इसके साथ ही बसपा ने इस साल सितंबर में गुजरात में होने वाले उपचुनावों में सभी 8 सीटों पर प्रत्यशी उतारने का फैसला भी किया है। 2017 के गुजरात चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बाद बीएसपी तीसरे नंबर की पार्टी बनकर उभरी थी। दलित वोट बैंक पर मायावती की अच्छी पकड़ है और विशेषज्ञों के मुताबिक उपचुनाव में बीएसपी के उम्मीदवार कांग्रेस का नुकसान करेंगे, जिससे भाजपा को फायदा होगा। बात अगर उत्तर प्रदेश की करें तो यहां दलितों को बसपा का परंपरागत वोट बैंक माना जाता है। 2019 के आम चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड सफलता के बीच भी बीएसपी के खाते में 10 सीट जीतने में कामयाब रही थी। हालांकि इस चुनाव में बसपा ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। चुनाव के बाद इन दोनों विरोधी पार्टियों में अनबन भी हो गई थी। इसके साथ ही गौर करने वाली बात यह भी है कि मायावती ने लॉकडाउन में मजदूरों की दुर्दशा के लिए कांग्रेस को पर हमलावर रुख अख्तियार किया था। उन्होंने लंबे समय तक देश में शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी को मजदूरों के पलायन का जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि अगर अपने लंबे शासन काल के दौरान पार्टी ने उनकी रोजी–रोटी की सही व्यवस्था की होती, तो लोगों को दूसरे राज्यों में पलायन ही क्यों करना पड़ता? इसके साथ ही चीन के साथ सीमा विवाद में भी मायावती ने स्पष्ट कर दिया था कि वह केंद्र सरकार के साथ खड़ी हैं।

## शब्द के बारे में



शब्द केवल शब्द नहीं है
आप शब्द को लागू कर रहे हैं
मजाकिया शब्दों के बिना
वह तुम्हें बना रहा है
एक सुंदर आदमी के साथ
लेकिन ... कुछ शब्द बुरे हैं
यह आपके लिए बदसूरत आदमी है
के बारे में समझ में आता है
तुम क्या कह रहे हो
आपके जीवन में अच्छे शब्दों में
सज्जन के साथ बनाओ
एक रोल मॉडल के लिए
कृपया अपने शब्द बोलें
ध्यान से बोलो
एक सम्मान बनो और तुम्हारा
के साथ विनम्र शब्द बनाएं
प्यारी दुनिया के साथ

**ओतेरी सेल्वा कुमार**

# रोम जल रहा है और नीरो बंसी बजा रहा है

उक्त शीर्षक को देखकर आप लोगों को रोम के शासक नीरो की क्रूरता का स्मरण हो रहा होगा, जब पूरा रोम आग की लपटों में 6 दिन तक जलता रहा, जिसमें लाखों की संख्या में मनुष्य और जंगली पशुओं की मौत हुई, तब रोम का शासक 'नीरो' इस विनाश लीला को देख रहा था और सारंगी बजा रहा था। यही हाल आज सम्पूर्ण विश्व के साथ साथ अपने देश का भी हो रहा है।



आज बेटियों के साथ बलात्कार तो रोज़मर्रा का कार्य हो चुका है क्योंकि भारतीय न्याय प्रणाली पूर्णतः नींद में सो रही है। यहाँ पर एक बलात्कारी को सज़ा देने में सात साल का समय लग जाता है वो भी तब जब एक माँ रात दिन जागकर, निडर होकर रोज़ कोर्ट के चक्कर लगाती हैं तब फैसला होता है।

शर्म आती हैं ऐसे न्याय तंत्र पर जो इस प्रकार गठित है कि बड़े बड़े अपराधी जैल जाने से पहले बेल प्राप्त कर लेते हैं। इस न्याय प्रणाली में परीक्षा से पहले परिणाम सुरक्षित कर दिया जाता है। दल बदलना तो ऐसे हो गया जैसे कपड़े बदल रहे हो, उनको सत्ता प्राप्ति के बाद उच्च पद की चाह जनता के बारे में सोचने ही नहीं देती, जो ज्यादा माल जेब में, माफ़ कीजिए जेब में नहीं यहाँ पर स्विस बैंक लिखना सार्थक रहेगा क्योंकि जेब में इतने कैसे रखेंगे, उनकी कल जय बोलना अवश्य हैं।

बेटियाँ की इज्ज़त लूटे या जनता मरें उनको इससे कुछ भी फ़र्क नहीं पड़ने वाला, हाँ जरूर पंद्रह मिनिट की प्रेस कॉन्फ्रेंस करके आँसू या आश्वासन दे दिया जाएगा।

आजकल के नेता और प्रशासनिक अधिकारी मिलकर सड़के अथवा शहरों को खा जाते हैं और नहरों को पूर्ण रूप से पी जाते हैं, कही बार किसी क्षेत्र में नहरें आ भी जाती हैं लेकिन पानी तो चुनाव के समय के लिए नेता जी अपने घर की टंकी में रख देते हैं। आज की स्थिति में भारत के बहुत सारे नौजवान राजनीति के बारे में जानने लगे हैं लेकिन इनमें भी बहुत सारे किसी एक दल की पूँछ पकड़ कर बैठ जाते हैं बस वोट उसी दल को देते है जिसकी पूँछ पकड़ कर बैठे हैं यहाँ पर प्रत्याशी चाहें किसी को भी बिठा दिया जाए उनको अपने दल से मतलब रहता है, यथार्थ में ये बड़ी मूर्खता हैं क्योंकि इससे ये लोग योग्य उम्मीदवार को खो देते हैं और फ़िर क्षेत्र का विकास होना कैसे सम्भव होगा?

भारतीय राजनीति ने प्रशासन को भी बुरी तरह से जकड़ के रखा है वो योग्य अधिकारी को अपना कार्य नहीं करने देते हैं क्योंकि इससे उनकी स्विस बैंक के लॉकर में जंग लग जाएगी। फ़िर प्रशासनिक अधिकारी भी उनकी चपेट में आकर जेब गर्म करने के लिए तैयार हो जाते हैं।

यदि सच में भारत के संपूर्ण नेताओं के स्विस बैंक के लॉकर खुलवाया जाए तो पता चल जाएगा कि किसने कितना सच अथवा झूठ बोला है लेकिन ये कदापि सम्भव नहीं है क्योंकि शीर्ष पर वहीं हैं जिनका स्विस बैंक में सब कुछ जमा हैं।

अब भारतीय जनता के द्वारा ही भारत का विकास सम्भव है वहीं अपने क्षेत्र से बिना किसी दल की पूंछ पकड़े योग्य उम्मीदवार को वोट करें ताकि भविष्य में उनका विकास हो सके।अब भी बहुत सारे नेता %नीरो% बने हुए बैठे हैं जो बड़ी बड़ी दुखांत घटनाओं पर भी बंसी बजा रहे हैं।

**कवि दशरथ प्रजापत**
**पथमेड़ा, जालोर (राजस्थान)**

# बांधों की संपोषण और बाढ़ राहत, के संपूर्ण कार्य सेना के हवाले किए जाएँ।

सरकार के स्तर पर नीतियों में जब भी कमी दिखती है , आलोचना का दौर शूरू हो जाता है होना भी चाहिए।लेकिन राजनीतिक नीतियों की आज तक आलोचना क्यों नहीं होती और न सुधार होता है ।आखिर यह कैसी व्यवस्था है? जबकि राजनीतिक नीतियो में कई दोष मौजूद हैं ।सरकार के ये दावे तो महज दो घंटे की बारिश ने उड़ा दी है जो पंन्द्रह साल के शासन पर चीख चीख कर कहता है सिर्फ कागजों पर चमकते सुशासन में वो बात वो चमक नहीं जो 2005 में दिखी थी। कोरोना में स्वास्थ्य की वो लचर स्थिति और अमानवीय व्यवस्था बिहार में दिखी है और कहीं नहीं दिखीं? जहाँ ठेले पर स्वास्थ्य व्यवस्था खुद वेंटिलेटर बनी हो।जहाँ मरीजों को कमरे में बंद कर स्वास्थ्य कर्मी पंखे के नीचे बैठकर अपनो ड्यूटी खत्म होने का इंतजार करे? ऐसे में मरीज आखिर ठीक भी कैसे होंगे? जबकि दावे तो ऐसे है स्वास्थ्य और सुशासन की आप फर्क करने लगे? यह व्यवस्था हमारी आंख खोलने वाली है। वही स्थिति बाढ़ से हुई भारी तबाही जान माल की क्षति पर भी है जबकि बांधो के संपोषण के लिए प्रत्येक वर्ष फंड जारी होते है तो आखिर बांध में इतने चूहे कैसे लगते है।दरअसल यह जारी फंड और बाढ़ राहत में दी जाने वाली राशि इन लोगों के लिए तुरूप का इक्का और वेशुमार दौलत का जरिया बन चुका है। जब तक इन सारे पैसों और बांध की देख रेख की जिम्मेदारी सेना के अंदर में नही सौंपी जायेगी तब तक यह स्थिति नही खत्म होने वाली। ऐसे में एक विकल्प, राहत और बाँध से राज्य सरकारों को मुक्त कर भारत सरकार सेना की निगरानी में नदियो को रखे।हालत खुद ठीक हो जाएँगे। ये ठेकेदार कमीशन और सबके हक के पैसो का बदरबांट ही प्रत्येक साल बाढ़ आने की वजह है।घोटाले के जरिये आती बाढ़ ने बिहार में हरवर्ष तवाही के नये-नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। जो मानवता के लिए अति घृणित कृत्य है जिसमें ठेकेदार प्रशासनिक महकमा और नेताओं के कमीशन खोरी विश्व विख्यात है। सूपूर्ण मिथिलांचल इसका शिकार होता रहा है। यह मानवता और विभागीय चूक एक बार हो सकती है लेकिन जब यह हर वर्ष और सिस्टमैटिक हो तो नीतियों में बदलाव की जरूरत है। भारत की सेनाएँ एनडीआरएफ जब राहत पहुँचा सकती है तो इसका देख भाल, संपोषण और राहत के तमाम अधिकार भी सेना को ही दिए जाएँ ताकि स्थानीय नेताओं, ठेकेदारों और प्रशासन की पाकेट भरो नीति से छुटकारा मिल सके। समय आ गया है जब समूह में संकट पैदा हो तो लोकतांत्रिक संस्थाओं में सबसे ऊपर संसद को नीतियों में बदलाव की ओर देखना चाहिए और नदियों के संपोषण और राहत के लिए विशेष व्यवस्था करनी चाहिए जिससे स्थानीय लोग चैन और शकून से रह सकें।



**आशुतोष**
**पटना बिहार**

## हरियाली तीज विशेष



ओढ़ी मैंने हरी चुनरिया
पहना सब श्रंगार
बन गई देखो पिय प्रिया
मिलन को हुई तैयार
आज मनाऊं तीज सखी संग
मन में हर्ष अपार
ओढ़ी मैंने हरी चुनरिया
पहना सब श्रंगार
मांग भरी सिंदूर सजाया,
बिंदी नथुनी से प्रीतम का प्यार
गजरे की खुशबू से महका
मेरा घर संसार
हाथों में हैं नौ–नौ चूड़ी ,
कंगन के खनखन की ताल
मंगलसूत्र सुहाग की अमिट निशानी
करधनी जैसे कमर का जाल ,
ओढ़ी मैंने हरी चुनरिया
पहना सब श्रंगार
नाखूनों को भी हरा रंग लिया
ऐसा छाया सावन का खुमार,
पैरों की पायल बिछुवे से
होता मेरा पूरा श्रंगार ,
ओढ़ी मैंने हरी चुनरिया
पहना सब श्रंगार
आज महावर भर भर एड़ी
मेहंदी से मेरी सजी हथेली
आंख में सुरमा होठ पर लाली
आओ सुहागन संग सहेली
और ओढ़ आई हूं लज्जा,
शर्म बनी आंखों का काजल,
निष्ठा प्रेम त्याग समर्पण
यह औरत? का सच्चा आंचल
तीज माता के चरण पखारें
कर जोड़ जोड़ कर उन्हें मनाएं
रखें अमर वे सौभाग्य हमारा,
सुख प्रेम से करें घर में उजियारा।

**नेहा सोनीसनेह**
**आलमपुर भिण्ड मप्र**

## दो पल



अपनी व्यस्त जिंदगी की,
दिनचर्या को थोड़ा बिगाड़ लें।
दो पल उसमें से,
सुकून के निकाल लें।
बहुत मिल लिया औरों से,
अब मुलाकात खुद से करें।
सबाल बहुत किए औरों से,
अब कुछ खुद से करें।
अपनी वेबकूफियों पर ठहाके लगायें,
अपनी तारीफों के पुल बंधायें।
किसी और के लिए नहीं,
बस खुद के लिए नाचें-गाऐं।
सिर्फ दो पल खुशी के,
सुकून से बितायें।
÷परवाह कौन करता है÷
छोटी-छोटी बच्चीयॉं,
घरों में बर्तन मांजती है।
छोटे-छोटे बच्चे,
दुकानों पर काम करते हैं,
हर रोज एक नन्हा फरिश्ता,
सड़क पर कचरा बीनता है,
पर अफसोस इनकी परवाह कौन करता है।
देश का भविष्य,
नित्य बोझा ढ़ोता है,
जुआरी, सटोरियों की संगत में,
एक मासूम बिगड़ता है।
गंदे माहौल में रहने से,
इन बच्चों का स्वास्थ्य निरंतर गिरता है,
पर अफसोस इनकी परवाह कौन करता है।
फूल जैसे बच्चे खाना कम,
गालियॉं ज्यादा खाते हैं,
कुछ ऐसे लोग भी हैं,
जो इनका फायदा भी उठाते हैं,
रोज इनका शोषण होता है,
हर रोज एक नया दर्द इन्हें मिलता है,
पर अफसोस इनकी परवाह कौन करता है।

**अंकिता जैन अवनी**
**लेखिका/कवयित्री**
**अशोकनगर मप**

## रिमझिम मेघ की फुहार जब बरसे

तनमन भीगे मिलने को मन तरसें

अवनी पहन हरी चुनर लगे सुहानी
लम्हा थम जायें जब कोयल चहकें

झीनी झीनी बूंदों में अक्स तेरा दिखे
लिपटें तन मेरा बिजली जब चमकें

अँखियाँ उडीके तेरी गलियां और कूचे
हर सांस तेरा नाम ले दिल मेरा धड़कें


उंगलियां लिखे ग़ज़ल बस तेरे नाम की
दीवानी बनी रीना सावन में भीगे महकें



तू इतना बेईमान क्यों हैं
तू जालिम भी हैं
तू कठोर तो हैं
तू दुष्टता में कम नहीं हैं
तू बदमाश भी तो हैं
तू खलनायक कभी हैं
तू विरह का आलाप हैं
तू बेखबर क्यों हैं
तू मलंग हो जाता हैं
तू तड़फता हैं
तू तपिस देता हैं
तू बगावत करवाता हैं
तू बिछोह का आगाज़ हैं
तू बेकरारी में आगे हैं
तू बेबसी का प्रतीक भी हैं
तू दीवानगी का सुल्तान हैं
तू मीरा की साधना हैं
तू राधा की तपस्या हैं
तू रुक्मणि का अभिमान हैं
तू सिया का सिरमोर हैं
तू उमा का सरताज हैं
तू काली का अभिमान हैं
तू शारदा का वेद हैं
तू लक्ष्मी का ताज हैं
तू रीना की सजान हैं
अब क्या क्या करें सबखान
तू नहीं तो ज़िन्दगी सबेजान हैं

**रीना प्रदीप अग्रवाल**
**सूरत, गुजरात**

# सुशांत की मौत से देश के युवाओं में डर।



सुशांत सिंह राजपूत की दुर्भाग्यपूर्ण खुदकुशी को 1 महीने से ज्यादा हो चुका है उनकी मौत ने मुझ पर असर डाला है मैं उन्हें जानता था लेकिन मुझे उम्मीद नहीं थी कि उनकी मौत लाखों भारतीयों पर भी इतना असर डालेगी ।उनका जाना लोगों की ख्यालों से निकल नहीं पा रहा है। सोशल मीडिया पर उनके लिए दुख जताना जारी है ,इसे लेकर अब तक कोई अस्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।सुशांत नया कदम क्यों उठाया ढेरों कयास लगाए जा रहे हैं। सबसे ज्यादा या माना जा रहा है।नेपोटिज्म के चलते बॉलीवुड की स्थापित और पारंपरिक शख्सियतों द्वारा सुशांत को पूरी तरह से नकारा जाना एक कारण हो सकता है।शायद अनुचित रुप से फिल्म परिवारों के कई स्थापित सितारों को भला बुरा कहा जा रहा है ।इनमें से कुछ सितारों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर दिए हैं। एक ऐसे व्यक्ति जिसका फिल्मी कॅरिअर काफी छोटा रहा है,उसकी मौत पर इतनी प्रतिक्रिया क्यों हो रही है ?ऐसा इसलिए क्योंकि सुशांत की खुदकुशी एक बड़ी तस्वीर दिखा सकती है ।इससे भारतीय महत्वकांक्षा की मौत भी दिखती है। सुशांत बाहरी व्यक्ति थे जो बड़ी मेहनत से ऊंचाई पर पहुंचे थे। पहले पटना के इस लड़के ने किसी भी मध्यम वर्गीय लड़के की तरह इंजीनियरिंग पढ़ी,इंजीनियरिंग कॉलेज से एक्टिंग स्कूल गया।थियेटर किया बैकग्राउंड डांसर बना उसने टीवी सीरियल और डांस रियलिटी शोस किए अंततः उसे एक छोटी हिंदी फिल्म में काम मिला जो गुजरात दंगों पर आधारित थी।।और सुशांत का फिल्मी करियर शुरू हुआ भारत में आमतौर पर ऐसा होता नहीं है। सितारों के बच्चों को बड़ी फिल्मों में बड़े ब्रेक मिलते हैं।सुशांत अलग थे पिछले दशक में उनका उदय नए महत्वकांक्षी भारत को दर्शाता है!संपर्कों पर आधारित पुराने भारत से अलग या भारत हुनर और मेहनत पर आधारित था। इस भारत ने कहा एक सितारा कहीं से भी आ सकता है या उस सामंती संस्कृति वाले देश में नया प्रतिमान था,जहां अमीर शक्तिशाली और संभ्रांत ही ज्यादातर अवसर बटोर लेते थे दो दशक 1990 और 2010 के की तेज आर्थिक वृद्धि ने या सब बदल दिया।

इस दोनों भारतीय प्रति व्यक्ति आय 5 गुना बढ़ गई युवा बड़े सपने देखने लगे सुशांत, विराट और बंसल भाई (फ्लिपकार्ट)वाले।सभी पहली पीढ़ी की बड़ी सफलता की कहानियां हैं। जो इस अवधि में ही आई युवाओं ने सिर्फ सफल कॅरिअर ही नहीं बनाए वह सड़कों पर भी उतरे 2011 और सरकारें भी गिराई 2014।।भारतीय युवा और उनके सपनों को कोई नहीं रोक सकता था ।और फिर कुछ बदल गया आज आसपास देखिए आशावाद कहीं खो गया है करुणा की भी इसमें भूमिका है।हालांकि इससे पहले ही अर्थव्यवस्था की गति दशक में सबसे धीमी थी। बेरोजगारी कई दशकों के उच्चतम स्तर पर थी। युवा बड़े सपने नहीं देखते वह गुजरे कल के भारतीय युवाओं की तरह सुरक्षा चाहते हैं, सरकारी नौकरियां फिर मांग में है ,विदेशी निवेशक अब भारत को लेकर उत्साहित नहीं हैं ।बल्कि चिंतित हैं रेटिंग एजेंसियां अब भारत की स्थिति अच्छे नहीं बुरी बताते हैं! भूतकाल के भारत की तरह सरकार के नजदीक रहने वाले कंपनी समूह ही अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। स्टार्टअप का माहौल भी एक दशक पहले जैसा नहीं रहा। और इस निराशा में लगभग किसी रूपक की ही तरह बड़ी सफलता पाने वाले सुशांत भी नहीं बच सके पहले से ही नकारात्मक माहौल के बीच से, इससे कुछ असहज सवाल उठे हैं क्या अपने बल पर सफल भारतीय के लिए आप कोई जगह नहीं है क्या बिना संपर्कों के अपना भारतीय सपना पूरा नहीं कर सकते क्या? अमीर और शक्तिशाली हमेशा हुनरमंद भारतीयों को मिटाते रहेंगे यही कारण है, कि सुशांत की मौत पर इतनी प्रतिक्रिया हुई बड़ा सवाल यह है। कि क्या कुछ आशंकाएं सही है। क्या भारतीय महत्वकांक्षा मर चुकी है ?और क्या हम उसे वापस ला सकते हैं या समझना जरूरी है कि यह हश्र क्यों हैं। भारत जैसे जैसे अमीर और शक्तिशाली हुआ। हम सफलता के नशे में आ गए हमारे कुछ बुरे लक्षण सामने आ गए ।हमने अपनी प्राथमिकताएं बदल ली आर्थिक विकास और अवसर और महत्वकांक्षा हमारे लिए जरूरी नहीं रह गए। हिंदू मुस्लिम भारत-पाकिस्तान और छाती पीटने वाला राष्ट्रवाद जरूरी हो गया। आखिर हमारी प्रति व्यक्ति आय 1990 के 300 से बढ़कर 2000 जो हो गई है। हमारे पास गर्व का कारण था। हालांकि विकसित दुनिया में यह 60,000 हैं।यानी हम अभी बहुत पीछे हैं। हमें सबसे ज्यादा अर्थव्यवस्था पर ध्यान देने की जरूरत है ।भारतीयों में सकारात्मक और नकारात्मक दोनों लक्षण हैं ,हमें अगले कुछ दशकों तक अपने बुरे लक्षणों सांप्रदायिकता नस्लवाद जातिवाद नेपोटिज्म को रोकना और अच्छे लक्षणों मेहनत दोस्ताना प्रतिभा को सामने लाना होगा। सुशांत को खोना दुखद है आइए हम सुनिश्चित करें ,कि भारतीय युवा अपनी महत्वकांक्षा और उम्मीद न खोएं।



**अमित कुमार लाभ**
**,सचिव, लक्ष्य एक दिशा- अंधकार से प्रकाश की ओर।।**
**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

## तुम ही हो



तुम्हीं खुशियों में हो मेरे, उदासी में बसे तुम हो
बसे तुम ही हो अंगड़ाई में , उबासी में बसे तुम हो
तुम्हीं दिल का सूकूं मेरे, तड़पना दिल का तुम ही हो
तुम्हें पाके हुआ पूरा , वो सपना दिल का तुम ही हो
तुम्हें देखा था जबसे तबसे तुम इस दिल की चाहत हो
तुम्हीं से दिल में बेचैनी , तुम्हीं
इस दिल की राहत हो
शराफत मेरे अंदर और शरारत
भी तुम्हीं से है
करुं दिन रात जो पूजा ,
इबादत भी तुम्हीं से है
तुम्हीं हो हरकतें मेरी ,मचलना
दिल का तुम ही हो
तुम्हें पाके हुआ पूरा , वो सपना दिल का तुम ही हो
मेरे सपने, मेरी खुशियां ,मेरे जज्बात तुमसे है
सुनहरी सुबह है तुमसे सुहानी रात तुमसे है
तुम्हीं हो गम की बदली में तुम्ही खुशियों की आहट में
तुम्हीं आंसू में हो आते,तुम्हीं हो खिलखिलाहट में
तुम्हीं तो जान हो मेरी धड़कना दिल का तुम ही हो
तुम्हें पाके हुआ पूरा , वो सपना दिल का तुम ही हो

**विक्रम कुमार**
**मनोरा , वैशाली**

# जब स्वयं करें सौन्दर्य उपचार

घर में सौन्दर्य उपचार करने से रूपयों की बचत तो होती ही है, साथ ही ब्यूटी पार्लर के चक्कर लगाने से आप बच जाती हैं, किन्तु इस लाभ को उठाते समय आपको कुछ सावधानियां भी बरतनी चाहिए। कहीं ऐसा ना हो कि उपचार का विपरीत असर हो जाए। प्रस्तुत है यहां विभिन्न उपचार करते समय बरती जाने वाली कुछ सावधानियां। फेशियल करते समय फेशियल करने से पूर्व आप अपने हाथों व चेहरे की अच्छी तरह से सफाई कर लें। आंखों की स्किन को अच्छी तरह से साफ करें। अगर मेकअप किया हो तो आंखों के मेकअप को रूई की सहायता से, आंखों का मेकअप उतारने वाले द्रव पदार्थ से साफ कर लें। किसी बर्तन में जब पानी गर्म कर भाप ले रही हों तो चेहरे को 15 सेमी ऊपर रख कर भाप लें। चेहरे पर भाप लेते समय सिर पर तौलियां बांध लें। अगर रूखी स्किन हो तो पांच मिनट तक भाप लें और तौलिय स्किन के लिए 10 मिनट तक भाल। इसके बाद ठंडे पानी से चेहरे को धो लें। बीस मिनट स्किन पुन: ठंडे पानी से धो लें। कोई अल्कोहल-फ्री टोनर लगाएं। चेहरा हल्का गीला रहते हुए ही आप मौइश्चराइजर लगा लें। फेशियल उन्हें नहीं करना चाहिए जिन्हें किसी प्रकार का स्किन रोग या मुंहासे आदि हों। फेशियल करने के पूर्व या बाद में आप स्वयं कील या मुंहासों को ना दबाएं। इससे चेहरे पर दाग-धब्बे पड सकते हैं। अगर आप भाप नहीं लेना चाहतीं तो चेहरे पर तेल युक्त फेस स्प्रे कीजिए। फेशियल करने के आप आठ घंटे तक घर से बाहर धूप में ना निकलें। सौन्दर्य विशेषज्ञों के अनुसार आप अगर रात को सोने से पूर्व फेशियल करें तो कारगर सिद्ध होगा।अगर आपको प्लकर से भौंहें बनाने में असुविधा हो रही है तथा दर्द होता है तो आप बर्फ लगाएं तथा उसके बाद आप हल्के मौइश्चराइजर की



मालिश करें तथा कुछ मिनट तक छोड दें। उसके बाद प्लकर का प्रयोग करें। किसी प्रकार का संक्रमण ना हो, इसके लिए आप रूई के फाहे की सहायता से किसी एंटीसेप्टिक क्रीम या लोशन द्वारा भौंहें पोंछ लें। भौंहों के ऊपरी भाग से यथासंभव छेड़छाड़ ना करें।

## साड़ी, महिलाओं की पहली पसंद

शादी पार्टीज से लेकर स्कूल-कॉलेज की फ्रेशर व फेयरवेल पार्टियों तक महिलाओं की पहली पसंद है साड़ी. इन दिनों साड़ी को भी यंग गर्ल्स नए अंदाज में कैरी कर रही हैं. 5-6 मीटर की साड़ी को लड़कियाँ बेहद ही इनोवेटिव तरीके से पहन रही हैं. साड़ी में सबसे महत्वपूर्ण होते हैं ड्रेप और शहर की लड़कियाँ इन्हीं ड्रेप्स के साथ अलग-अलग अंदाज में पहन रही हैं. इड स्लिट ड्रेसेज में सेलेब्रिटीज को दशकों से देखा गया है, लेकिन इन दिनों फ्रंट स्लिट के स्टाइल को एक्ट्रेस चुन रही हैं; गाउन, ड्रेस और साड़ी गाउन में फ्रंट स्लिट ने अपनी जगह बना ली है. अब मार्केट में रेडी टू विअर साड़ियाँ आ गई हैं, जिसे लड़कियाँ उतनी ही आसानी से पहन सकती हैं, जितनी आसानी से सलवार-कुरता या जींस-टीशर्ट. ब एक ही साड़ी में तीन या चार अलग-अलग फेब्रिक्स के टेक्सचर व कलर को एम्ब्रायडरी, प्रिंट या अन्य किसी कारीगरी के साथ जोड़ा जाता है. इससे इस ट्रेडिशनल अटायर में भी ग्लेमर एड हो जाता है. नए लुक के लिए पल्ले को भी आजकल कंधे पर क्रश करके उसे फ्लो करने के लिए छोड़ा जा रहा है, वहीं सामने की प्लीट्स व कलियों में डिफ्रेंट कलर व फेब्रिक की डिजाइनिंग यूज हो रही है.साड़ी का दूसरा इंटरस्टिंग व डेरिंग वर्जन है साड़ी गाउन. यह लगभग वेस्टर्न आउटफिट की तरह होता है, लेकिन साड़ी की तरह ही ड्रेप्स होते हैं और लाँग मेक्सी का एलिगेंस भी होता है. नामी डिजाइनर्स ने साड़ी को घुटनों तक तक कर दिया है, वहीं कुछ डिजाइनर्स ने इसके साथ ही पेटिकोट को चुड़ीदार, ट्राउजर्स के साथ रिप्लेस कर दिया है.



## पानी पीएं तंदरुस्त रहें

जल ही जीवन है यह तो आपने सुना ही होगा परंतु पानी का काम सिर्फ प्यास बुझाना ही नहीं, बल्कि यह कई रोगों के इलाज में भी मददगार है । गर्मी में शरीर को पानी की सबसे ज्यादा जरुरत होती है क्योंकि गर्मी के कारण एक तो पसीना अधिक आता है और प्यास सबसे ज्यादा लगती है । पानी को अगर सही ढंग से पीया जाएं तो हमारी सेहत के लिए फायदेमंद साबित होता है । गर्मी के मौसम में धूप से वापिस आने पर



प्यास ज्यादा लगती है पर धूप से आने के तुरंत बाद पानी न पीएं । चाहें जितनी भी प्यास क्यों न लगी हो पानी एक दम से ज्यादा नहीं पीना चाहिए ,पानी हमेशा धीरे -धीरे पीना चाहिए और एक साथ पानी का सेवन नहीं करना चाहिए ऐसा करने से पेट में भारीपन महसूस होने लगता है ।

पेट संबंधित रोगों कब्ज या पेट में जलन होने पर पानी का अधिक सेवन करना फायदेमंद साबित हो सकता है ।

पानी का सेवन करने से त्वचा में चमक के साथ-साथ त्वचा का रंग में भी निखार आता है ।

- शरीर से व्यर्थ चीजों और विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मददगार

शरीर में पानी की अधिकतम मात्रा शरीर से व्यर्थ चीजों और विषैले पदार्थों को निकालने में सहायता करती है तथा शरीर को पोषण प्रदान करती है । एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए दिन भर में 10-12 गिलास पानी पीना पर्याप्त है ।

पानी हमारे घुटनों, कलाई और सभी अंतरंग भागों की चिकनाई के साथ-साथ शरीर में जोड़ों को स्वस्थ रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।

खाना खाने से आधा घंटा पहले पानी का सेवन करना और भोजन करने के एक घंटे के बाद पानी का सेवन करना चाहिए ।

चिकनाई वाला भोजन खाने में परेशानी आने के कारण हम पानी का सेवन अधिक करते है जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है।

# गर्मी के मौसम में ककड़ी खाइए भी लगाइए भी

भारत में सर्वत्र उपलब्ध होने वाली ककड़ी गर्मी के मौसम की फसल है, यह ठंडी और पाचक होती है, इसलिए यह ग्रीष्म ऋतु में प्रमुखता से उपयोग में लाई जाती है. ककड़ी खाने के अलावा चेहरे पर लगाने से सूरज की किरणों से होने वाली बीमारियों से राहत दिलाती है. ककड़ी गर्मी के मौसम में सनस्क्रीन का भी काम करती है. इसके सेवन से पाचन क्रिया भर दुरूस्त रहती है. ककड़ी शरीर के विषैले पदार्थों को समाप्त करती है. नियमित रूप से ककड़ी का सेवन करने से पथरी की समस्या बहुत हद तक कम हो जाती है. ककड़ी में मौजूद पानी शरीर में मौजूद अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालता है. ककड़ी विटामिन के खजाने से भरपूर होती है. शरीर को रोजाना जितने विटामिन की जरूरत होती है, ककड़ी उसे पूरा करती है. इसमें मौजूद ए, बी और सी विटामिन प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में



मददगार होते हैं. इसमें पोटेशियम, मैग्नीशियम और सिलिकॉन उच्च स्तर पर होता है. इसीलिए दुनियाभर में मौजूद स्पा में ककड़ी आधारित उपचार को महत्व दिया जाता है. ध्यान रहे ककड़ी के सेवन के बाद पानी न पीएं. ककड़ी स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ ही रोगनाशक भी है. जबकि शरद ऋतु की ककड़ी को रोगकारक माना गया है. गर्मी के मौसम में ककड़ी की मांग बढ़ जाती है. यह अनेक लवणों तथा जलतत्व से पूर्ण होती है. इसमें कैल्शियम फास्फोरस, सोडियम तथा मैग्नीशियम पाया जाता है. इसका सेवन डिहाइड्रेशन से बचाता है, साथ ही यह सलाद के रूप में पेट के लिए बहुत फायदेमंद होती है. इसके सेवन से गर्मी भी कम लगती है. ककड़ी का नियमित सेवन करने से पेट संबंधी बीमारियां कम होती हैं. यही नहीं इसका सेवन वजन घटाने में भी मददगार साबित होता है.

# गाउट आर्थराइटिस के लक्षण और उपाय

**अगर कभी आपके पैरों,उंगलियों,.टखनों और घुटनों में दर्द हो तो इसे मामूली थकान की वजह से होने वाला दर्द समझ कर अनदेखा न करें यह आपके शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने का लक्षण हो सकता है. इस स्वास्थ्य समस्या को गाउट आर्थराइट्सि कहा जाता है.**

* यूरिक एसिड, प्यूरिन के टूटने से बनता है जो खून के माध्यम से बहता हुआ किडनी तक पहुंचता है. यूरिक एसिड, शरीर से बाहर, पेशाब के रूप में निकल जाता है. लेकिन, कभी - कभार यूरीक एसिड शरीर में ही रह जाता है और इसकी मात्रा बढ़ने लगती है. ऐसा होना शरीर के लिए घातक होता है.

* यूरिक एसिड के असंतुलन से ही गठिया जैसी समस्याएं हो जाती है. उच्च यूरिक एसिड की मात्रा को नियंत्रित करना अति आवश्यक होता है. नियंत्रण के लिए यूरिक एसिड़ बढ़ने के कारण को जानना आवश्यक है.

अगर आपको यह समस्या आनुवांशिक है तो इसे बैलेंस किया जा सकता है लेकिन अगर शरीर में किसी प्रकार की दिक्कत है जैसे - किडनी का सही तरीके से काम न करना आदि तो डॉक्टरी सलाह ले और दवाइयों का सेवन करे.

शरीर में हाई यूरिक एसिड का अर्थ होता है कि आप जो भी भोजन ग्रहण करते है उसमें प्यूरिन की मात्रा में कमी है जो शरीर में प्यूरिन की बॉन्डिंग को तोड़ देती है और यूरिक एसिड बढ़ जाता है. यूरिक एसिड को नियंत्रित करने के कुछ टिप्स निम्न प्रकार हैं...




* अगर शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा लगातार बढ़ती है तो आपको भरपूर फाइबर वाले फूड खाने चाहिए. दलिया, पालक, ब्रोकली आदि के सेवन से शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा नियंत्रित हो जाती है..

* जैतून के तेल में बना हुआ भोजन, शरीर के लिए लाभदायक होता है. इसमें विटामिन ई भरपूर मात्रा में होता है जो खाने को पोषक तत?वों से भरपूर बनाता है और यूरिक एसिड को कम करता है. आश?चर्य की बात है, लेकिन यह सच है.

* बेकरी के फूड स्वाद में लाजबाव होते है लेकिन इसमें सुगर की मात्रा बहुत ज्यादा होती है.

## भगवान शिव के इस मंत्र जाप से खुशियों से भर जाएगा आपका घर

शिव ही सर्वप्रथम देव हैं, जिन्होंने पृथ्वी की संरचना की तथा अन्य सभी देवों को अपने तेज से तेजस्वी बनाया। मान्यता है की भगवान शिव लिंग रूप में प्रकट हुए थे। भगवान शिव पंच देवों में सूर्य, गणेश, गौरी, विष्णु और शिव के प्रधान देव हैं। शिव पुराण कथा के अनुसार शिव ही ऐसे भगवान हैं, जो शीघ्र प्रसन्न होकर अपने भक्तों को मनचाहा वर दे देते हैं।




भोलेनाथ के मंत्र जाप से उनका प्रेम और आशीर्वाद प्राप्त होता है। जिससे साधक अपनी कामना की पूर्ति करके जीवन में सफलता-सुख-शांति प्राप्त करता है। भगवान शिव के प्रिय वार सोमवार को रुद्राक्ष की माला से इस मंत्र का जप करने से सुख, अपार धन, संपदा, अखंड सौभाग्य और प्रसन्नता में वृद्धि होती है। ह्रीं ह्रौं नमः शिवाय। शिव जी की अराधना सुबह में पूर्व दिशा की ओर मुंह करके करनी चाहिए। शाम में शिव साधना पश्चिम दिशा की ओर मुंह करके करनी चाहिए। अगर आप रात्रि में शिव उपासना करते हैं तो आपका मुंह उत्तर दिशा की ओर होना चाहिए। श्रद्धा-भक्ति से किया गया शिव पूजन सम्पूर्ण कामनाओं को सिद्ध करता है।

## सोया भाग्य जगाएं, खाली तिजोरी भरें

भंडार घर में घर का अन्न सहज कर रखा जाता है ताकि अवश्यकता पड़ने पर बाजार की ओर न दौड़ना पड़े। भंडार घर को साफ सुथरा और स्वच्छ रखें ताकि इसमें मां अन्नपूर्णा का वास हो सके और घर में सदा उनकी कृपा बनी रहे। वास्तु शास्त्र के अनुसार भंडार घर के स्थान और चीजों के रखरखाव के लिए कुछ सुझाव दिए जा रहे हैं।

* घर में समृद्धि बनाए रखने के लिए भंडार घर में डिब्बे या कनस्तर खाली न रखें। जब भी कोई डिब्बा पूर्ण रूप से खाली हो जाए तो उसमें थोड़ा सा अन्न बचा कर रखें।

* भंडार घर में घी, तेल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेन्डर आदि को दक्षिण-पूर्व दिशा में रखें।



* भंडार घर में श्री विष्णु और देवी लक्ष्मी का चित्र या प्रतिमा अवश्य लगाएं। ऐसा करने से घर में कभी भी अन्न और धन की कमी नहीं होती।

* रोजमर्रा के खाद्यान्न को भंडार घर के उत्तर-पश्चिमी भाग में रखें।

* आग्नेय कोण में भंडार घर का निर्माण आर्थिक तंगी उत्पन्न करता है।

* भंडार घर दक्षिण दिशा में हो तो घर में कलह का माहौल बना रहता है।

* भंडार घर के उत्तर-पूर्व में जल से भरा पात्र रखने से परिवार के सदस्यों में प्रेम बढ़ता है।

* भंडार घर की स्टोरेज कैबिनेट पश्चिमी एवं उत्तरी दिशा में बनवाएं। भंडार घर का दरवाजा दक्षिण-पश्चिम कोने में न बनवा कर अन्य किसी भी दिशा में बनवा सकते हैं।

* भंडार घर में कभी भी फालतू एवं रद्दी वस्तुओं का ज्यादा दिन तक भंडारण न करें।

# घर में शान्ति के लिए अपनाएं वास्तु

घर का अर्थ उस स्थान से है जहाँ परिवार चैन-सुकून की तलाश करता है. यदि वास्तु को ध्यान में रखकर घर का निर्माण किया जाए तो वास्तुदोषों के दुष्परिणामों से बचा जा सकता है. वर्तमान के बदलते दौर में वास्तु का महत्व दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है. आजकल कई बड़े-बड़े बिल्डर व इंटीरियर डेकोरेटर भी घर बनाते व सजाते समय वास्तु का विशेष ध्यान रखते हैं. वास्तु के अनुसार ही वे कमरे की बनावट, उनमें सामानों की साज-सज्जा करते हैं. इससे घर की खूबसूरती बढ़ने के साथ-साथ सकारात्मक ऊर्जा का भी प्रवाह होता है.आजकल बनने वाले भवनों की बनावट में, पुराने जमाने के भवनों की बनावट की तुलना में बहुत अंतर आ गया है. घर की बनावट में यह अंतर ही लोगों के मन में धर्म के प्रति अटूट आस्था उत्पन्न कर रहा है. भारतीय



वास्तुशास्त्र के अनुसार पूर्व दिशा में ऊंचाई होना और पश्चिम दिशा में ढलान व पानी का स्त्रोत होना अच्छा नहीं माना जाता परंतु मेरे वर्षो के वास्तु अनुसंधान में मैंने पाया है कि ज्यादातर वो स्थान जो धार्मिक कारणों से प्रसिद्ध है, चाहे वह किसी भी धर्म से सबंधित हो, उन स्थानों की भौगोलिक स्थिति में काफी समानताएं देखने को मिलती हैं. ऐसे धार्मिक स्थानों पर पूर्व की तुलना में पश्चिम में ढलान होती है और दक्षिण दिशा हमेशा उत्तर दिशा की तुलना में ऊंची रहती है. उदाहरण के लिए वैष्णो देवी मंदिर जम्मू, महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन पशुपतिनाथ मंदिर मंदौसर इत्यादि. ऐसे धार्मिक स्थानों पर भक्तजन परमपिता परमेश्वर से अपनी मनोकमनाएं और आर्शीवाद प्राप्त करने के लिए प्रभु के चरणों में फल-फूल मेवे इत्यादि चढ़ाते हैं, धूप बत्ती लगाते हैं, दान-दक्षिणा देते हैं. वह मंदिर जिनका पूर्व नीचा एवं पश्चिम ऊंचा होता है वहां पर भक्तजन सिद्धियां प्राप्त करने एवं मनचाही सफलता पाने के लिए जाते है. ऐसे भौगोलिक स्थानों पर शक्ति द्वारा ही ईश्वर का आर्शीवाद प्राप्त करने का प्रत्यन किया जाता है.वह घर जहां पश्चिम दिशा में भूमिगत पानी का स्त्रौत जैसे भूमिगत पानी की टंकी, कुआं, बोरवेल, इत्यादि होता है. उस भवन में निवास करने वालों में धार्मिकता दूसरों की तुलना में ज्यादा ही होती है क्योंकि उनके घर का पश्चिम दिशा वाला भाग इन गड्ढों के कारण पूर्व की तुलना में नीचा हो जाता है.



बांग्लादेश में बाढ़ के कारण कई घर पानी में डूब गये।

# राष्ट्रपति शी जिनपिंग की नीतियों की आलोचना पड़ी भारी, प्रोफेसर को गंवाना पड़ा पद



**बीजिंग।** चीन की कम्युनिस्ट सरकार की नीतियों की आलोचना अपराध की श्रेणी में आता है फिर भले ही वो न्यायसंगत न हो। ताजा मामला चीन की प्रतिष्ठित सिंघुआ यूनिवर्सिटी का जहां कानून के प्रोफेसर जू झानग्रेन को केवल इसलिए बर्खास्त कर दिया है, क्योंकि उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग की नीतियों की आलोचना की थी। जू झानग्रेन उन चुनिंदा चीनी शिक्षाविदों में से एक हैं, जिन्होंने जिनपिंग की गलत नीतियों की खुलकर आलोचना की। इस संबंध में पुलिस ने उन्हें हिरासत में भी लिया था और करीब छह दिनों बाद उन्हें रिहा किया गया। प्रोफेसर ने कार्रवाई की परवाह न करते हुए कहा था, 'कोरोना महामारी ने चीनी शासन के सड़े हुए सिस्टम को उजागर कर दिया है। मैं अभी यह बता सकता हूं कि इसके लिए मुझे दंड दिया जाएगा। संभव है ये मेरे आखिरी शब्द भी हो सकते हैं। मैंने राष्टपति के खिलाफ बोलने की हिम्मत की है, जो सरकार की नजरों में अपराध के समान है'। यूनिवर्सिटी ने औपचारिक रूप से प्रोफेसर को हटाये जाने की सूचना दी। जू झानग्रेन 2018 में एकदम से सुर्खियों में आये थे जब उन्होंने शी जिनपिंग की आलोचना की थी। तब उन्हें चेतावनी देते हुए निलंबित कर दिया गया था, लेकिन प्रोफेसर सरकार के गलत निर्णयों और नीतियों के खिलाफ मुखर रहे। सिंघुआ विश्वविद्यालय, जिसके पूर्व छात्रों में राष्टपति शी शामिल हैं, को हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग द्वारा चीन के नंबर-1 विश्वविद्यालय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

# भारतीय बेटी ने योगासन में विश्व रिकॉर्ड तोड़ा



**दुबई।** दुबई में रहने वाली एक भारतीय बेटी ने सीमित स्थान में कुछ ही मिनट के भीतर योग के 100 आसन कर विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। 11 वर्षीय समृद्धि कालिया ने तीसरी बार विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। समृद्धि कालिया ने पिछले एक महीने के अंदर ही दूसरी बार विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड के सीमित स्थान में सबसे तेजी से योग के 100 आसन करने को लेकर कालिया ने कहा कि उनकी सफलता की वजह कठिन परिश्रम और दृढ़ता है। सातवीं कक्षा की छात्रा ने मशहूर इमारत बुर्ज खलीफा में यह योगासन प्रस्तुति दी थी। इससे पहले, 21 जून को विश्व योग दिवस के मौके पर समृद्धि ने एक मिनट में 40 उन्नत योग आसन करने का अपना दूसरा विश्व रिकॉर्ड बनाया था। पिता सिद्धार्थ कालिया ने कहा कि समृद्धि छह साल की उम्र से ही योग सीख रही है। इस क्षेत्र में उनकी रुचि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी जीत हासिल करने में मददगार बन रही है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में कई राज्यों में निर्णायक साबित होंगे भारतीय मूल के मतदाता

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी के एक शीर्ष नेता ने कहा 3 नवंबर को देश में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में कई राज्यों में भारतीय मूल के मतदाता बड़ा अंतर पैदा करने की स्थिति में हैं। देश में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए करीब 100 दिन बचे हैं। ऐसे में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता मिशिगन, पेंसिल्वेनिया और विस्कॉन्सिन जैसे कई अहम राज्यों में प्रभावशाली भारतीय-अमेरिकी समुदाय को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के अध्यक्ष थॉमस पेरेज ने कहा कि मिशिगन में 1,25,000 भारतीय-अमेरिकी मतदाता हैं। उन्होंने राष्टपति पद के पिछले चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन की रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प के हाथों हार का जिक्र करते हुए कहा हम 2016 में मिशिगन में 10,700 मतों से हारे थे।

# हांगकांग में कोविड19 का कहर, सरकार ने मास्क पहनना किया अनिवार्य



**हांगकांग ।** हांगकांग इन दिनों कोरोना महामारी का कहर जारी है। कोरोना संक्रमण रोकने के लिए हांगकांग की मुख?य कार्यकारी कैरी लैम ने सप्?ताहांत कुछ नए उपायों की घोषणा की है। इन नए उपायों के तहत अब हांगकांग में मास्?क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अलवा लोगों को घर से कार्य करने को कहा गया है। वर्क फ्रॉम होम को प्राथमिकता दी जा रही है। ज्ञात हो कि रविवार को हांगकांग में 100 से अधिक मामले सामने आए हैं। इसके बाद हांगकांग प्रशासन सचेत हो गया है। नए आयातित मामलों के लिए, 15 फिलीपींस से थे, जिसमें तीन सीमेन और 10 घरेलू कर्मचारी शामिल थे। बाकी पाकिस्तान, फ्रांस और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित देशों से थे। बीते हफ्ते सरकार द्वारा किए गए सामूहिक परीक्षण की रिपोर्ट देखने के बाद लैम ने कहा कि स्थिति बहुत गंभीर है और इस पर कोई नियंत्रण नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार लैम ने यह भी चेतावनी दी थी कि शहर में सर्दियों में संक्रमण और तेजी से बढ़ेगा। यह दूसरी लहर की चपेट में आ सकता है, जैसा कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों को डर भी था। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के कुछ शहरों ने लोगों के बाहर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन हांगकांग ने पिछले छह महीनों में ऐसा नहीं किया था, क्योंकि सरकार चाहती थी कि नागरिक अभी भी सामान्य रूप से रह सकें। यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर साइंस एंड इंजीनियरिंग द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सोमवार सुबह तक 1.44 करोड़ से ज्?यादा लोग कोरोना से प्रभावित हैं। वहीं, मृतकों का आंकड़ा 6.5 लाख लोग इसके शिकार हो चुके हैं। दुनिया के तमाम देशों में सबसे अधिक मामले अमेरिका में ही मिले हैं। यहां अब तक संक्रमण कुल मामले 37.68 लाख के ऊपर हैं। ब्राजील दूसरे नंबर पर है।

# यूएई का पहला मार्स मिशन होप प्रोब लॉन्च



**अबू धाबी ।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का पहला मार्स मिशन होप प्रोब आज जापान के तनेगाशिमा स्पेस सेंटर से अंतरिक्ष के लिए उड़ान भर ली है। यूएई की स्पेस एजेंसी का कहना है कि होप प्रोब सही तरीके से कार्य कर रही है और लॉन्चिंग के बाद से संकेत भेज रही है। वहीं संयुक्त राष्ट (यूएन) ने यूएई के इस मिशन की तारीफ करते हुए कहा है कि यूएई का मार्स मिशन पूरी दुनिया के लिए एक योगदान है। संयुक्त राष्ट के अंतरिक्ष मामलों के कार्यालय की निदेशक सिमोनिटा डी पिप्पो ने कहा कि यूएई हमेशा भविष्य के लिए तत्पर है, यह हमारा अद्भुत साथी है। वियना से स्काइप पर दिए गए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, मैं होप प्रोब को लेकर उत्साहित हूं। इससे पता चलता है कि यूएई वास्तव में अंतरिक्ष क्षेत्र में एक मुख्य खिलाड़ी बन रहा है। होप प्रोब की लॉन्चिंग डी पिप्पो ने कहा, यह बेहद दिलचस्प है कि एक देश जिसके पास कुछ साल पहले तक एक अंतरिक्ष कार्यक्रम या एक अंतरिक्ष एजेंसी नहीं थी, अब मंगल ग्रह की जांच शुरू करने में सक्षम है।



बेलारूस में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार स्वेतनाना टिखानोवास के समर्थन में नारे लगाते हुए लोग।

## अमेरिका में महिला जिला जज के 20 वर्षीय पुत्र की गोली मार कर हत्या

**नॉर्थ ब्रन्सविक, अमेरिका ।** अमेरिका के न्यूजर्सी में एक संघीय महिला जज के 20 वर्षीय बेटे की एक बंदूकधारी ने गोली मारकर हत्या कर दी साथ ही उसके पति को भी घायल कर दिया। राज्य की चीफ डिस्ट्रिक्ट जज फ्रेडा वोल्फसन ने बताया कि यह घटना रविवार को अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज एस्थर सलास के नॉर्थ ब्रन्सविक स्थित आवास पर हुई। वोल्फसन ने बताया कि बंदूकधारी ने सलास के बेटे डेनियल की हत्या कर दी और उनके पति एवं वकील मार्क एंडर्ल को घायल कर दिया। एक न्यायिक अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि गोलीबारी की इस घटना को एक अपराधी ने अंजाम दिया और उसकी तलाश की जा रही है।

# हजयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेना तैयार : सऊदी अरब

**रियाद।** वैश्विक महामारी कोरोना से जूझ रही दुनिया के बीच सऊदी आंतरिक मंत्रालय ने आगामी हज सीजन के लिए तैयारियों का ऐलान किया है। खबरों के मुताबिक, हज सुरक्षा बलों के कमांडर जायद अल तुवैलान ने रविवार को मीडिया को बताया कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेना तैयार है। उन्होंने बताया कि इस साल 160 राष्टीयताओं के तीर्थयात्री वार्षिक तीर्थयात्रा में भाग लेंगे, जिनमें से 70 राज्य में विदेशी निवासी हैं। ज्ञात हो कि कोरोनावायरस के मद्देनजर इस बार सऊदी अरब हज यात्रा में दुनियाभर के लाखों मुस्लिम हिस्सा नहीं ले सकेंगे। सऊदी अरब सरकार की तरफ से ये घोषणा की गई कि इस साल बहुत ही सीमित संख्या में लोग हज यात्रा कर सकेंगे। इसमें सऊदी अरब में ही रहने वाले लोग प्रमुख रूप से शामिल होंगे। मुस्लिमों के लिए जीवन में एक बार हज यात्रा करना जरूरी माना जाता है, इस वजह से पूरी दुनिया के मुस्लिम समुदाय के लोग इस यात्रा के शुरू होने का इंतजार करते हैं। यात्रा के लिए कई माह पहले ही रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो जाती है, इस साल भी ये प्रक्रिया चल रही थी मगर अब इस पर रोक लग गई है। कमांडर जायद अल तुवैलान ने चेतावनी देते हुए कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को जुर्माना और जेल का प्रावधान है। वहीं गैर सऊदियों को निर्वासन का सामना भी करना पड़ सकता है। सऊदी स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, रविवार को कोरोना के 2,504 नए मामले दर्ज किए गए हैं और इसके साथ ही संक्रमितों की कुल संख्या 250,920 हो गई है। वहीं 197,735 लोग अभी तक कोरोना को मात देने में सफल हुए हैं। इसके अलावा मरने वालों की संख्या 2,486 तक पहुंच गई है। 2014 और 2016 के बीच, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के मुस्लिमों और कई अन्य अफ्रीकी देशों को इबोला के कारण हज से बाहर रखा गया था। मक्का के चैंबर ऑफ कॉमर्स के अनुसार, हज आमदनी का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है।



# ब्रॉड और वोक्स की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड को मिली बढ़त




मैनचेस्टर। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में शिकंजा कस दिया है। चौथे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक इंग्लैंड ने 219 रनों की बढ़त हासिल कर दी थी। तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड और क्रिस वोक्स ने तीन-तीन विकेट लेकर मेहमान वेस्टइंडीज की टीम को पहली पारी में 287 रनों पर ही आउट कर दिया। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 469 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। ऐसे में उसे 182 रन की बढ़त मिली हुई थी। वेस्टइंडीज की ओर से क्रेग ब्रैथवेट ने 75, शामार ब्रुक्स ने 68 और रोस्टन चेज ने 51 रन बनाकर अपनी टीम को फालोआन से बचाया। मेजबान इंग्लैंड ने इसके बाद अपनी दूसरी पारी में शुरुआत दो विकेट खोकर 37 रन बना लिए थे। दिन का खेल समाप्त होने के समय बेन स्टोक्स 16 और कप्तान जो रूट 8 रन बनाकर खेल रहे थे। इंग्लैंड ने दूसरी पारी की तेज शुरुआत कर दिखा दिया है कि उसका इरादा किसी भी प्रकार यह मैच जीतना है। जोस बटलर और बेन स्टोक्स ने पारी की शुरुआत की। इंडीज गेंदबाज केमार रोच ने 14 रन देकर दो विकेट लिए। रोच ने बटलर को खाता खोले बिना ही पेवेलियन भेज दिया। वहीं क्राउले भी 11 रन बनाकर रोच का ही शिकार बने।तीसरे दिन का खेल बारिश के कारण नहीं हो पाया। ऐसे में अब मेजबान इंग्लैंड की टीम पांचवे और अंतिम दिन अधिक से अधिक रन बनाकर मेहमान टीम को आउट करने का प्रयास करेगी।

## कोरोना से उबरकर ट्रेनिंग पर लौटे जोकोविच



**बेलग्रेड।** विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच कोरोना संक्रमण से उबरकर एक बार फिर कोर्ट में लौट आये हैं। जोकोविच के ट्रेनिंग पर लौटने के बाद टेनिस सेंटर के मुख्य कोच बोरिस बोस्जाकोविच ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीर भेजी हैं, इसमें जोकोविच अपने ही देश के खिलाड़ी फिलिप क्राजिनोविच के साथ अभ्यास करते हुए नजर आ रहे हैं। जोकोविच ने सर्बिया और क्रोएशिया में एड्रिया टूर टूर्नामेंट आयोजित करने में अहम भूमिका निभाई थी। इसमें उनके साथ ही कई अन्य दिग्गज खिलाड़ियों ने भी भाग लिया था। इसी दौरान उन्होंने एक नाइट क्लब में पार्टी भी की थी। इसके बाद जोकोविच, उनकी पत्नी और कोच सहित तीन अन्य खिलाड़ियों का कोरोना टेस्ट पॉजिटिव आया था। इस कारण वह आलोचना का शिकार भी हुए थे। इसके बाद जोकोविच ने इस पूरे मामले की जिम्मेदारी लेते हुए माफी भी मांगी थी। इस स्टार खिलाड़ी का कहना था कि खेल की वापसी का उन्होंने प्रयास किया था। कोरोना महामारी के बाद से ही खिलाड़ी लंबे ब्रेक के कारण परेशान हो रहे थे।

# डीआरएस प्रणाली में बदलाव करें - चैपल



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने कहा है कि अंपायरों के फैसले की समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) में बदलाव किया जाना चाहिये। चैपल ने कहा कि अभी जो समीक्षा प्रणाली है वह खिलाड़ियों के विरोध को बढ़ावा दे रही है। कोरोना वायरस के कारण निलंबन के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की बहाली कर रही इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट श्रृंखला के दौरान प्रत्येक पारी में तीन रिव्यू दिए गए हैं जो सामान्य से एक अधिक है। चैपल ने कहा, 'अंपायर हमेशा सही होता है और युवा क्रिकेटर को जो सबक सबसे पहले सिखाया जाता है वह यह है कि आप उसके फैसले पर बहस नहीं करेंगे। अनुशासन और आत्मनियंत्रण की यह सराहनीय प्रक्रिया अब मान्य नहीं है क्योंकि डीआरएस को लागू किए जाने से खिलाड़ियों के विरोध के एक तरीके को बढ़ावा दिया जा रहा है।% चैपल ने इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच जारी वर्तमान श्रृंखला का उदाहरण देते हुए कहा कि डीआरएस से हेरफेर किया जा रहा है जिससे इसका महत्व कम हो रहा है। चैपल ने कहा कि खिलाड़ियों को कभी फैसला लेने की प्रणाली का हिस्सा बनने की स्वीकृति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने लिखा, 'ऐसा समय था जब बीसीसीआई को डीआरएस पर भरोसा नहीं था। वहीं मुझे अब भी डीआरएस पर अधिक भरोसा नहीं है। शुरू से ही डीआरएस अंपायरों के हाथ में होना चाहिए था, खिलाड़ियों को फैसला करने की प्रणाली का हिस्सा नहीं बनाया जाना चाहिए।% साथ ही कहा कि डीआरएस से जुड़े उपकरणों और कर्मचारियों पर टीवी प्रोडक्शन कंपनी की जगह क्रिकेट अधिकारियों का नियंत्रण होना चाहिए।



स्पेन में स्पेनिश मोटरसाइकिल मुकाबले में मोटो जीपी राइडर मार्क मरक्वीज आगे निकलते हुए।

## एनबीए के प्रदर्शनी मैचों का समय घटा

**लेक बुएना विस्टा।** नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) ने कोरोना महामारी को देखते हुए प्रदर्शनी मैच की अवधि घटा दी है। एनबीए ने कहा है कि खेल की बहाली के बाद नियमों में बदलाव करते हुए प्रत्येक क्वार्टर को 12 मिनट की जगह 10 मिनट का कर दिया जाएगा। ड्डइस बदलाव के कई कारण बताये गये है जिसमें से एक यह है कि एनबीए खिलाड़ियों पर अधिक दबाव नहीं डालना चाहता। इसके अलावा खिलाड़ियों ने मार्च के बाद ही कोई मैच नहीं खेला है। कोरोना वायरस और अन्य समस्याओं के कारण कई टीमों के पास अब भी उनके सभी खिलाड़ी मौजूद नहीं हैं। यह बदलाव हालांकि टीमों के पहले प्रदर्शनी मैचों पर ही लागू होगा। वहीं डिज्नी वर्ल्ड में होने वाले टीमों के दूसरे और तीसरे प्रदर्शनी मुकाबले नियमित समय के होंगे।

## शूमाकर की बराबरी पर आये हैमिल्टन



**बुडापेस्ट।** ब्रिटेन के शीर्ष फॉर्मूला वन चालक लुईस हैमिल्टन ने यहां आठवीं बार हंगरी ग्रां प्री जीतकर माइकल शूमाकर के किसी एक ट्रैक पर सर्वाधिक जीत दर्ज करने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। हैमिल्टन की पोल पोजीशन से दर्ज की गई जीत आसान रही क्योंकि दूसरे स्थान पर रहे मैक्स वर्साटाप्पेन उनसे नौ सेकेंड पीछे रहे। हैमिल्टन की फार्मूला वन में यह 86वीं जीत है और अब वह जर्मनी के दिग्गज चालक शूमाकर के 91 जीत के रिकॉर्ड से केवल पांच जीत ही दूर रह गए हैं। शूमाकर ने फ्रांसीसी ग्रां प्री आठ बार जीती थी। हैमिल्टन ने पहली बार 2007 में यहां जीत दर्ज की थी। मर्सीडीज के साथ अपनी पहली जीत भी उन्होंने 2013 में हंगरी में ही हासिल की थी। वहीं वर्साटाप्पेन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया और मर्सीडीज के वल्टारी बोटास को तीसरे स्थान पर धकेल दिया।

## एचयूएल ने बंद किया हरिद्वार संयंत्र

नई दिल्ली। एफएमसीजी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) ने हरिद्वार संयंत्र को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है, जहां उसके कई कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। कंपनी ने संक्रमित कर्मचारियों की संख्या का खुलासा नहीं किया है, लेकिन खबरों के मुताबिक कंपनी के 33 कर्मचारी संक्रमित पाए गए हैं। एचयूएल ने एक बयान में कहा, %हम इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि हमारे हरिद्वार संयंत्र में कई कर्मचारियों को कोविड-19 संक्रमण का पता चला है, जिनमें से अधिकांश में कोई लक्षण नहीं हैं। इस बात की जानकारी हमारे द्वारा शुरू किए गए कोविड-19 परीक्षण कार्यक्रम के दौरान हुई। कंपनी ने कहा कि वह संक्रमित कर्मचारियों और उनके परिवारों की हरसंभव मदद कर रही है। कोरोना के संक्रमण को और फैलने से रोकने के लिए कर्मचारियों और श्रमिकों के बीच कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग की जा रही है और उन्हें खुद को आइसोलेट करने तथा अपने स्वास्थ्य पर नजर रखने की सलाह दी जा रही है। कंपनी ने कहा कि एहतियात के तौर पर प्लांट को फिलहाल बंद करने का फैसला किया गया है ताकि फिर से कामकाज शुरू करने से पहले वहां अच्छी तरह साफ-सफाई और दवा का छिड़काव किया जा सके। एचयूएल का दावा है कि उसने साफ-सफाई के लिए विश्वस्तरीय तरीके अपनाए हैं और गृह मंत्रालय, भारत सरकार तथा स्थानीय प्रशासन के दिशानिर्देशों के मुताबिक कदम उठाए हैं।

### ए13 प्रोसेसर के साथ एप्पल जल्द लांच करने वाली है किफायती आईपैड एयर

**मुंबई।** एप्पल जल्द ही अपने किफायती आईपैड एयर 2020 लैपटॉप को लांच करने वाली है। नई रिपोर्ट में इसका दावा किया जा रहा है कि आईपैड एयर कंपनी का किफायती लैपटॉप होगा और इस दिसंबर में लांच किया जा सकता है। इस लैपटॉप में ए13 प्रोसेसर की सपोर्ट मिल सकती है, हालांकि एप्पल ने अब तक इसकी लांच से जुड़ी आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है। आईपैड एयर में 10.8 इंच की स्क्रीन मिल सकती है। कंपनी आईपैड एयर की कीमत 500 डॉलर (करीब 37,500 रुपये) रख सकती है।

# कोरोना काल में केवल 10 फीसदी उत्पादन बढ़ा: सर्वे




**दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून की तिमाही में सिर्फ 10 प्रतिशत विनिर्माण इकाइयां ऐसी रहीं, जिनके उत्पादन में बढ़ोतरी दर्ज हुई। उद्योग मंडल फिक्की के तिमाही सर्वे में यह जानकारी दी गई है। इससे पिछली तिमाही में 15 प्रतिशत विनिर्माण इकाइयों का उत्पादन बढ़ा था। सर्वे में बड़ी और लघु एवं मझोले उपक्रम (एसएमई) क्षेत्र की 300 से अधिक विनिर्माण इकाइयों के आंकड़ों को शामिल किया गया है। इन इकाइयों का सामूहिक वार्षिक कारोबार 2.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक है। सर्वे में कहा गया है कि लॉकडाउन पाबंदियों में ढील के बाद मांग और मौजूदा ऑर्डरों को देखते हुए कारखानों में परिचालन की दृष्टि से वाहन क्षेत्र सबसे बुरी तरह प्रभावित है। जिन अन्य क्षेत्रों का परिचालन निचले स्तर पर है उनमें चमड़ा और फुटवियर, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल्स तथा टेक्सटाइल मशीनरी क्षेत्र शामिल है। सर्वे में शामिल 90 प्रतिशत लोगों ने अप्रैल-जून 2020-21 में कम या समान उत्पादन रहने की बात कही। 2019-20 की अंतिम तिमाही में ऐसा कहने वालों की संख्या 85 प्रतिशत थी। विनिर्माण क्षेत्र के लिए नियुक्ति परिदृश्य भी काफी कमजोर नजर आता है। सर्वे में शामिल 85 प्रतिशत इकाइयों का कहना था कि वे अगले तीन माह के दौरान अतिरिक्त नियुक्तियां नहीं करने जा रहीं। फिक्की ने कहा कि बीते वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में यह बात कहने वाली इकाइयों की संख्या 78 प्रतिशत थी। कोविड-19 की वजह से निर्यात को लेकर परिदृश्य भी काफी कमजोर दिखाई देता है। सिर्फ आठ प्रतिशत इकाइयों का कहना था कि 2020-21 की पहली तिमाही में उन्हें निर्यात में बढ़ोतरी की उम्मीद है। वहीं 10 प्रतिशत ने कहा कि उनका निर्यात इससे पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के समान रहेगा।

ग्वालियर
पुष्पांजली टुडे
मंगलवार 21 जुलाई 2020





## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विमानतल पर अधिकारियों को दिये निर्देश

# कोविड-19 संक्रमण रोकना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता आर्थिक गतिविधियाँ नहीं रूकना चाहिए



### मुख्यमंत्री का विमानतल पर जनप्रतिनिधियों ने किया भव्य स्वागत

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान अल्प प्रवास पर ग्वालियर पधारे। मुख्यमंत्री श्री सिंह ने केंद्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के निवास स्थान पर जाकर उनके छोटे भाई स्व. अजय प्रताप सिंह तोमर के निधन हो जाने पर शोक संवेदनाऐं व्यक्त कीं और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान राजकीय विमान द्वारा सोमवार को प्रातः 10:30 बजे ग्वालियर विमानतल पर आये। उनके साथ प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा श्री बी. डी. शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री श्री सुहास भगत एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री लोकेन्द्र पाराशर भी साथ में भोपाल से ग्वालियर आये। विमानतल पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व मंत्री श्री अनूप मिश्रा, पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया, पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी सहित जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। ग्वालियर संभाग के आयुक्त श्री एमबी ओझा, आईजी श्री अविनाश शर्मा, डीआईजी ग्वालियर जोन श्री ए.के. पाण्डे, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, एसपी श्री नवनीत भसीन, नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन, सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम वर्मा ने मुख्यमंत्री की अगवानी की। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ग्वालियर में लगभग डेढ़ घंटा रूकने के पश्चात राजकीय विमान से दोपहर 12:00 बजे भोपाल के लिए रवान हुए।

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोविड-19 के संक्रमण को रोकना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। संक्रमण की रोकथाम के साथ-साथ आमजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। आर्थिक गतिविधियाँ निरंतर चलती रहें और कोविड का संक्रमण न फैले इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को ग्वालियर प्रवास के दौरान विमान तल पर कोरोना संक्रमण के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए यह निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस बात का ध्यान रहे कि लॉकडाउन के कारण आमजनों एवं रोज कमा कर खाने वाले छोटे-छोटे व्यवसाइयों को परेशानी न हो। साथ ही आर्थिक गतिविधियाँ भी चलती रहें। उन्होंने संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के साथ-साथ आमजनों को जागृत करने के लिए भी विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने यह भी कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के साथ-साथ भीड प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जो लोग कोविड पॉजीटिव पाये जाते है, उनका बेहतर से बेहतर इलाज किया जाए। किसी भी व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव की वजह से परेशानी नहीं आना चाहिए। कलेक्टर श्री कौलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए किये जा रहे प्रयासों के संबंध में मुख्यमंत्री श्री चौहान को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में अस्पतालों के प्रबंधन के लिए ऑनलाईन व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। प्रशासन के पास अब हर अस्पताल की व्यवस्थाएं ऑनलाईन उलब्ध हैं। उसी के आधार पर कोरोना संक्रमण की रोकथाम और पॉजीटिव पाये गये लोगों के उपचार का प्रबंधन किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में अब तक कुल 1707 पॉजीटिव प्रकरण पाये गये हैं। जिनमें केवल 753 एक्टिव केस वर्तमान में हैं। 946 मरीज ठीक होकर अपने घर जा चुके हैं। कोरोना के एक्टिव केसों में भी तेजी के साथ सुधार हो रहा है। प्रतिदिन मरीज ठीक होकर अस्पतालों से अपने घरों को जा रहे हैं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जानकारी दी कि लॉकडाउन के संबंध में भी शीघ्र ही क्राईसेस मैनेजमेंट की बैठक आयोजित कर निर्णय लिया जाएगा। कोरोना के संक्रमण की रोकथाम में किये जा रहे प्रयासों से आर्थिक गतिविधियाँ न रूके और लोगों को परेशानी ना हो यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कन्ट्रोल कमांड सेंटर के माध्यम से वीडियो कॉलिंग के द्वारा भी आमजनों को कोरोना संक्रमण के संबंध में चिकित्सीय सलाह दी जा रही है। इसका लगभग 1500 लोगों ने अब तक लाभ उठाया है। इसके साथ ही किल कोरोना अभियान के तहत भी गठित दलों द्वारा घर घर संपर्क कर पीडितों को चिन्हित कर उपचार करने की कार्यवाही की गई है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कोरोना संक्रमंण के संबंध में अधिकारियों से की गई चर्चा के दौरान संभागीय आयुक्त श्री एमबी ओझा, आईजी श्री अविनाश शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत भसीन, सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सोमवार को पूजे महादेव, मनाई हरियाली और सोमवती अमावस्या

**ग्वालियर।** शहर में श्रावण माह में सोमवार को जहां शिव भक्तों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की हरियाली और सोमवती अमावस्या



का पर्व श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया! महिलाओं ने सोमवती अमावस्या पर परिक्रमा लगाकर पूजा अर्चना की और दान पुण्य किया! वही हरियाली अमावस्या परंपरा के अनुसार मनाई गई! कोरोना संक्रमण पर लगाम लगाने के लिए शहर में कर्फ़्यू लगा होने के बाद भी सावन के तीसरे सोमवार को लोग मंदिरों में भगवान शिव के दर्शन पहुंचे और अभिषेक कर पूजा अर्चना की, वही आज सोमवती और हरियाली अमावस्या एक साथ होने के कारण महिलाओं ने घरों में तुलसी की परिक्रमा लगाई और दान पुण्य किया, लॉकडाउन के कारण इस बार सभी पर्व फीके नजर आ रहे हैं

## रिमझिम बरसा सावन मौसम हुआ सुहाना



**ग्वालियर।** श्रावण मास में लंबे इंतजार के बाद सोमवार को इंद्रदेव मेहरबान हुए और तड़के से रिमझिम बारिश शुरू हो गई, बारिश का यह दौर सुबह दिन चढ़ने तक चलता रहा, इसके बाद पूरे दिन आसमान में बादलों के छाए रहे और शाम के समय एक बार फिर रिमझिम बारिश शुरू हो गई! सोमवार को सुबह शाम हुई बारिश से जहां मौसम सुहाना हो गया वहीं धरती के कलेजे को भी आज ठंडक मिली है! बारिश होने से तापमान में आई गिरावट के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी से भी राहत मिली है! आसमान में छाए बादल और मौसम का मिजाज देखते हुए अभी और बारिश होने के आसार नजर आ रहे हैं! लॉकडाउन के बीच सोमवार को हुई बारिश कल लोगों ने घरों में रहकर हो लुफ्त उठाया!

## जेसीआई मिडकॉन 2020 संगम रिश्तों में आउटस्टैंडिंग लोम बना जेसीआई ग्वालियर आदर्श

अमित शर्मा रिपोर्टर

ग्वालियर / जेसीआई ग्वालियर आदर्श को छह माह में सराहनीय कार्य करने पर मण्डल उपाध्यक्ष जेसी लक्ष्मण शर्मा रीजन-ए द्वारा कई सारे अवार्डो से नवाजा गया।मिडकॉन 2020 संगम रिशतो का आयोजन वर्चुअल आयोजित हुआ जिसमें पूरे मध्यप्रदेश के अध्यायों ने भागीदारी दी जेसीआई आदर्श को जेसी रेखा राठौड़ (ईवीपी,जेसीआई इंडिया), जेसी अजय शर्मा (मंडल अध्यक्ष),जेसी अंजलि बत्रा (मेंटोर),जेसी मनोज चौरसिया (मंडल सचिव),जेसी नीलेश बिंदल एवं जेसी विजेता सिंह चौहान (फाउंडर प्रेसिडेंट एवं आईपीपी) ने शुभकामनाएं प्रेषित की। मिडकोन में छह माह की गतिविधियों को देखते हुए जेसीआई ग्वालियर आदर्श को 1.आउटस्टैंडिंग लोकल कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑफ रिजन (विनर) 2.आउटस्टैंडिंग ग्रोथ एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑफ द रीजन (फर्स्ट रनर अप) 3.आउटस्टैंडिंग पर्सनल स्किल डेवलपमेंट (आई डी) प्रोग्राम ऑफ द रीजन (सेकंड रनर अप) 4.आउटस्टैंडिंग लोम बुलेटिनं ऑफ द रीजन (विनर) 5.आउटस्टैंडिंग इंपैक्ट 2030 प्रोग्राम ऑफ द रीजन (विनर) 6.आउटस्टैंडिंग एचजीफ / जेसीआई इंडिया



### आउटस्टैंडिंग लोम प्रेसिडेंट रहे जेसी विवेक खंडेलवाल

फाउंडेशन जेसीआई मेंबर ऑफ रीजन (जेसी विवेक खंडेलवाल)फर्स्ट रनर अप 7.आउटस्टैंडिंग जेसीआई मेंबर ऑफ थे रीजन (जेसी विजेता सिंह चौहान) विनर 8.आउटस्टैंडिंग लॉम ऑफिसर जेसी मुस्कान वाधवानी 9.आउटस्टैंडिंग लोम् प्रेसिडेंट जेसी विवेक खंडेलवाल (विनर) 10.आउटस्टैंडिंग लोम अवॉर्ड जेसीआई ग्वालियर आदर्श 11.स्पेशल ऐप्रिशियेशन अवॉर्ड जेसी सिमरन बिंदल 12.स्पेशल ऐप्रिशियेशन अवॉर्ड जेसी चित्रांशी सांड 13.जेसीआई नीड़ ब्लड कॉल जेसी अवॉर्ड 14.जेसीआई जूनियर जेसी स्पेशल स्टेटस 15.मिडकान 2020 लकी ड्रॉ विनर जेसी सिमरन बिंदल 16.मिडकान 2020 टैलेंट हंट (फैशन शो)विनर जेसी सलोनी अग्रवाल रही।

## उद्यानिकी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने दिए निर्देश

# पौधों की खरीदी केवल शासकीय नर्सरियों से हो, विकसित होगी माडल नर्सरी



**ग्वालियर।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण स्वतंत्र प्रभार एवं नर्मदा घाटी राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने निर्देश दिए कि विभिन्न शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों में किसानों को उपलब्ध करवाए जाने वाले पोधों की खरीदी केवल शासकीय नर्सरियों से की जाए। किसी भी स्थिति में निजी नर्सरी से पौधे क्रय न हो। राज्य मंत्री श्री कुशवाह आज मंत्रालय में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के कार्यक्रमों और योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि शासकीय नर्सरियों को उन्नत ढंग से विकसित किया जायगा। नर्सरियों में स्थानीय किसानों की मांग और आवश्यकता को ध्यान में रखा जाय। जहां जिस फल, फूल, सब्जी आदि उद्यानिकी फसलों की पोध की जरूरत है वहां किसानों कि मांग अनुसार पोध रोपण किया जाय। उन्होंने यह भी कहा कि नर्सरियों में वही पौध विकसित की जाय जिसकी किसानों द्वारा मांग की जाती है। उन्होंने कहा कि क्रियाशील नर्सरियों को उन्नत और विकसित करने के साथ ही प्रदेश में बंद हो चुकी नर्सरियों को पुनर्जीवित किया जायगा। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि उद्यानिकी लोगों को व्यापक पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराता है। छोटे-छोटे किसानों और इससे जुड़े बड़े समुदाय को आर्थिक आत्मनिर्भरता देने में इसका महत्वपूर्ण योगदान है।

## नदी में नहाते समय तीन युवाओं की मृत्यु

**ग्वालियर।** जिले के भितरवार तहसील में धूमेश्वर मंदिर के पास की नदी में नहाते समय तीन युवाओं की मृत्यु हो गई है। मृतक के परिजनों को जिला प्रशासन की ओर से 4 ङ्क 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने घटना के संबंध में बताया है कि भितरवार तहसील में धूमेश्वर मंदिर के पास नदी में नहाते समय तीन युवाओं के डूबने की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी एनडीआरएस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुँचे और तीनों युवाओं के शव निकाल लिए गए हैं। इस घटना में मृत हुए तीनों युवाओं के परिजनों को 4 ङ्क 4 लाख रूपए की सहायता प्रदान की जायेगी। मृत हुए तीनों युवा ग्वालियर के चंद्रबदनी नाका निवासी हैं। जिन युवाओं की मृत्यु हुई है उसमें हैप्पी शर्मा पुत्र कमलेश शर्मा उम्र 20 साल, दीपक प्रजापति पुत्र बलवंत उम्र 21 साल और विशाल चौरसिया पुत्र लक्ष्मण उम्र 20 साल शामिल हैं।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478